हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026


तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

13 नवीन पाठ्य पुस्तकों से बेहतर होगा शिक्षण


13 गुरु, गायत्री, गीता, गंगा और गौ सेवा के मंत्र जीवन में अपनाएं : दीन









## खबर संक्षेप

### अफीम का अवैध कारोबार दो पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई।** अफीम का खरीदी बिक्री करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बलवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया था। उससे 205 ग्राम अफीम, नकदी, मोबाइल, बाइक जब्त किया। आरोपी बलवीर सिंह से पुलिस ने पूछताछ कर निशानदेही पर सेक्टर 6 निवासी राम बाबू उर्फ कैम्बों, गीदम जिला दंतेवाड़ा निवासी स्वरुप सोनी को पकड़ा गया। आरोपी बलवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि अफीम की खरीदी-बिक्री में रामबाबू के माध्यम से करता था। जबकि अफीम की सप्लाई स्वरूप सोनी द्वारा किया जाना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों द्वारा ही भिलाई-दुर्ग में अफीम की सप्लाई की जाती थी। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। हिरासत में लेने के बाद आरोपी बलवीर सिंह की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 205 ग्राम अफीम जब्त किया गया। अपराध में उपयोग किए गए मोबाइल, बाइक भी बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस अफीम के सरगना की तलाश में जुटी हुई है।

### महिला का मिला शव नहीं हो पाई शिनाख्त

**भिलाई।** कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम परसदा स्थित कैवल्य धाम के पीछे खेत में एक अज्ञात महिला का सड़ा गला शव मिला है। डीकंपोज हो जाने से शव की सिनाख्त नहीं हो पाई है। कुम्हारी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र 40 से 45 वर्ष के बीच की है। महिला की मौत सात दिन पूर्व होना पाया जा रहा है। शव खेत में झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। बदबू फैलने के बाद लोगों को इसकी जानकारी हुई और उन्होंने थाने में सूचना दी। कुम्हारी थाना प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि महिला के पास से पहचान से जुड़ा दस्तावेज भी साक्ष्य नहीं मिला है। मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंची थी, जो मौत के कारणों की बारीकी से जांच कर रही है। महिला की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद हो पाएगा। पुलिस आसपास के थानों में लापता हुए महिला की जानकारी जुटा रही है। जिससे महिला की शिनाख्त हो पाए।

### वाहन चोर गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** दो पहिया वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अजय सिंह ने रुआबांधा शासकीय अस्पताल के पास सड़क किनारे बाइक खड़ा किया था, जो चोरी हो गई। सूचना पर जिला नयापड़ा, उड़िसा निवासी बनवाली कोलथिया दो पहले सेक्टर-10 भिलाई के सीमेंट दुकान में काम करता था। वर्तमान में मैत्री कुंज, रिसाली में मकानों में चौकीदारी का कार्य करता था। आरोपी चोरी की बाइक को बेचने की तलाश में रहता था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अपने साथियों जिला नयापड़ा, ओडिशा प्रदीप बाग उर्फ राजू, दिलीप के साथ मिलकर वाहन चोरी करना आरोपी ने स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी प्रदीप बाग उर्फ राजू को भी पुलिस गिरफ्त में लिया।

10 साल बाद बन रहे ऐसे हालात, हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा, पीएचई में नहीं हो रहा रिकॉर्ड मेंटेन

# दुर्ग में जवाहर नगर, पद्मनाभपुर, कातुलबोड़ में भूजल स्तर औसत से 20 फीट एवं भिलाई में नेहरूनगर और स्मृतिनगर में 40 फीट नीचे

अतुल अग्रवाल ⏭दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

ठंड गुजरने को है और गर्मी आने को है। इस बीच पानी की जरुरत भी बढ़ने लगी है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि इस बार भूजल के स्तर में पिछले कुछ सालों की तुलना में ज्यादा तेजी से गिरावट आई है। दुर्ग में ड्रा क्षेत्रों में जवाहर नगर, कातुलबोड़, पद्मनाभपुर जैसे क्षेत्रों में भूजल स्तर अभी से सामान्य से 20 फीट तक नीचे पहुंच गया है। वहीं भिलाई में नेहरूनगर और स्मृतिनगर में 40 फीट तक नीचे पहुंच गया है। प्रतिवर्ष जनवरी माह में जवाहर नगर, कातुलबोड़, पद्मनाभपुर जैसे क्षेत्रों में औसतन 70 से 120 फीट नीचे पानी रहता है। इस बार यह 100 से 150 तक पहुंच गया है। इसी प्रकार नेहरूनगर, स्मृतिनगर, कैलाशनगर, हाउसिंग बोर्ड, शिवाजी नगर, जामुल जैसे क्षेत्रों में जल का स्तर पर औसतन 100 फीट के करीब रहा है, जो 150 के पार पहुंच गया है।

हरिभूमि ने इस विषय को लेकर स्थानीय पार्षदों, नागरिकों और पूर्व पार्षदों से बात की, जिसके बाद यह खुलासा हुआ है। खास बात यह है कि जब इस बारे में पीएचई से जानकारी चाही गई, तो उनके पास स्पष्ट एक्जाइ आंकड़े नहीं थे। इतना नहीं नहीं अंतिम बार वॉटर लेवल की जांच नवंबर-दिसंबर में कराई गई थी। इधर जनवरी के 17 दिन गुजरने के साथ भूजल स्तर में तेजी से गिरावट आई है। इसकी मुख्य वजह से इस बार सीजन में एक बार भी मौसम में बदलाव का नहीं होना और ठंड के दिनों में बारिश का नहीं होना माना जा रहा है। बता दें कि पिछले दो साल से जिले में सामान्य से कम बारिश हो रही है। 1 जून से 30 सितंबर 2024 की स्थिति में जिले में 736.1 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य यानी 984.8 से 25 प्रतिशत कम रही। इसी समय में 2025 में 865.3 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य यानी 961.5 मिमी से 10 प्रतिशत कम रही।

**बारिश की बेरूखी बड़ा कारण**
जून से सितंबर 2024 तक 736.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 25% कम
2025 में जून से सितंबर तक 865.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 10% कम



### शहर के आउटर की 100 से ज्यादा कॉलोनियों में भूजल का उपयोग

जानकारी के मुताबिक भिलाई, दुर्ग, जामुल, भिलाई-चरोदा, रिसाली सहित आसपास के अन्य शहरी इलाकों के आउटर में नल के बजाए भूजल पर ही निर्भरता है। अंधाधुन भूजल स्तर का उपयोग किया जा रहा है। इसे लेकर कहीं किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। बड़े पैमाने पर भूजल का दोहन करने से धरती सूखती जा रही है। स्थिति ऐसी है कि शहर में भू-जलस्तर अब बहुत तेजी से नीचे गिरने लगा है। नेहरू नगर और खुर्सीपार क्षेत्र में हालात ज्यादा खराब हैं। छावनी, हथखोज जैसे क्षेत्र हर साल गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से जूझते हैं। दुर्ग शहर में बोरसी जैसे क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में पानी बिकता है। 40 प्रतिशत से ज्यादा बोर सूख जाते हैं।

### भू-जलस्तर गिरने का मुख्य कारण कांक्रीट का जंगल

जनसंख्या बढ़ने के साथ पानी की डिमांड बढ़ी है। उद्योगों व कृषि फार्म में लगातार भूजल का दोहन हो रहा है। शहरीकरण और सौंदर्यीकरण के नाम पर पेवर ब्लॉक, सीमेंटीकरण। तालाब, पोखर का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। हर साल में 4 माह बारिश का सीजन होता, इसी को संरक्षित करके रखना है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के नाम बारिश के दिनों में सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। प्रतिवर्ष अभियान तो चलाया जा रहा है, लेकिन मेंटेनेंस और अपडेट नहीं लिया जा रहा है। सरकारी दफ्तरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य किया गया है, लेकिन 60 फीसदी से ज्यादा दफ्तरों में मेंटेनेंस के अभाव में यह काम ही नहीं कर रहा। बारिश के पानी को सहेजने की दिशा में कहीं कोई काम नहीं किया गया है।

**भिलाई-दुर्ग के कुछ प्रमुख क्षेत्र , जहां वॉटर लेवल**

| | |
|---|---|
| नेहरूनगर | 140 से 160 |
| स्मृतिनगर | 180 से 200 |
| सुपेला | 130 से 150 |
| पद्मनाभपुर | 100 से 150 |
| जवाहर नगर | 70 से 100 |

**ब्लॉक स्तर अक्टूबर से जनवरी तक भूजल स्तर (मीटर में)**

| ब्लॉक | अक्टूबर | नवंबर | दिसंबर |
|---|---|---|---|
| दुर्ग | 11.68 | -11.30 | -11.38 |
| धमधा | -10.68 | -10.40 | -10.00 |
| पाटन | -10.03 | -10.01 | -10.06 |

नोट- जनवरी के आंकड़े अपडेट नहीं किए गए हैं।

**पिछले 5 सालों में तीनों ब्लॉक का औसत भूजल स्तर**

| वर्ष | दुर्ग | धमधा | पाटन |
|---|---|---|---|
| 2025 | 23.15 | 21.00 | 19.71 |
| 2024 | 22.80 | 23.01 | 20.00 |
| 2023 | 20.50 | 21.50 | 19.00 |
| 2022 | 20.35 | 21.00 | 17.5 |
| 2021 | 19.50 | 20.50 | 16.50 |

### ग्रामीण क्षेत्रों में हसदा, चिखला, लिटिया सेमरिया में अभी से बिगड़ने लगे हालात

ग्रामीणों के मुताबिक धमधा ब्लॉक के हसदा, चिखला, लिटिया, सेमरिया, बोरी जैसे क्षेत्रों में अभी से भूजल स्तर गिरने लगा है। बनाए गए स्टॉपडेम सूखने लगे हैं या उनका जल स्तर बेहद कम हो गया है। हसदा और चिखला में दो बड़े स्टॉप डेम बनाए गए हैं, दोनों ही नाम मात्र का ही पानी शेष है। बता दें कि लगभग 5 करोड़ रुपए खर्च कर दोनों डेम को जल संसाधन विभाग ने तैयार किया है, लेकिन दोनों ही स्टॉप डेम का उपयोग न ही सिंचाई में हो पा रहा है, न ही ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल को रिचार्ज करने में हो पा रहा है। दोनों ही डेम सफेद हाथी साबित हो रहा है।

### वॉटर लेवल डाउन, 10 सूख चुके



दुर्ग शहर में 50 से ज्यादा हैंडपंप का वॉटर लेवल अभी से डाउन हो चुका है। 10 हैंडपंप सूख चुके हैं। यह संख्या बढ़ते जा रही है। इसकी मुख्य वजह कांक्रीट का जंगल है। निकासी का जल जमीन में जाने की बजाए बह जा रहा है। एक सड़क में तीन-तीन बार कांक्रीटीकरण हो चुका है।

**-दिनेश देवांगन,** पूर्व सभापति नगर निगम दुर्ग

### लगातार रखी जा रही है नजर



वॉटर लेवल पर लगातार नजर रखी जा रही है। नवंबर-दिसंबर में आंकड़े कलेक्ट किए गए थे। जनवरी के आंकड़े कलेक्ट करना शुरू कर दिया गया है। इस बार प्रयास किया जा रहा है कि जलजीवन मिशन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों तक पानी पहुंचाया जा सके। ताकि गर्मी के दिनों में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

**-उत्कर्ष पांडेय,** कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग दुर्ग

उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया था

# केंद्रीय जेल दुर्ग के कैदी की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हत्या के मामले में सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान मौत होने का मामला सामने आया है। घटना 16 जनवरी सुबह की है।

दुर्ग जेल प्रशासन के मुताबिक केन्द्रीय जेल दुर्ग में विनय प्रताप सिंह नामक युवक हत्या के मामले में सजा काट रहा था। उसके खिलाफ मोहन नगर थाने में अपराध दर्ज था। अचानक उसकी तबियत खराब होने पर उसे उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया। जहां उपचार के बाद विनय ने दम तोड़ दिया। विनय मार्च 2023 से केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध था। जिसकी सुनवाई के बाद 28 नवंबर 2025 को उसे दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने सजा सुनाई गई थी। जिसके बाद से वह जेल में सजा काट रहा था। विनय प्रताप सिंह लंबे समय से लो शुगर और मानसिक बीमारी से पीड़ित था। तबीयत अक्सर बिगड़ती रहती थी, जिस कारण जेल अस्पताल में उसका नियमित इलाज करा रहा था।

■ हत्या के मामले में सजा काट रहा था

अचानक कैदी की हालत गंभीर हो गई। लो शुगर के चलते उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी, जिसके बाद जेल प्रशासन उसे उपचार के लिए रायपुर रेफर किया। एम्बुलेंस के जरिए कैदी को रायपुर भेजा गया। शुक्रवार की सुबह कैदी की उपचार के दौरान मौत होने की जानकारी मिली।

## कानून तोड़ने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 94 पर कार्रवाई



**भिलाई।** जिले में कानून तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान 94 पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन, इससे उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस दुर्ग द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिलेभर में एक साथ सघन अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ा संदेश देना था। इस दौरान थाना सुपेला 21, मोहन नगर 10, छावनी 9, पुरानी भिलाई 8, पाटन 7, वैशाली नगर 6, कुम्हारी खुर्सीपार 5-5, जामुल, अमलेश्वर 4-4 पुलगांव, दुर्ग, धमधा 3-3, नेवई, अण्डा, रानीतराई, जामगांव (एम) 1-1 में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अभियान में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को लगाया गया था।

# फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 25.93 लाख रुपए की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फ्रेंचाइसी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले के खिलाफ मोहन नगर थाने में मामला दर्ज हुआ है। राहुल नाम के व्यापारी ने शिकायत में बताया कि टस्कर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने और हर महीने लाखों रुपए का मुनाफा होने का लालाच देकर उसके साथ 25.93 लाख रुपये की ठगी की गई है। राहुल ने डायरेक्टर, मार्केटिंग हेड, सेल्स इंचार्ज पर ठगी का आरोप लगाया है।

राहुल परिहार ने पुलिस को बताया कि टस्कार ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर उत्कर्ष कश्यप, मार्केटिंग हेड आलोक, अनमोल दुबे, सेल्स इंचार्ज प्रणीता ने उन्हें कंपनी की मेडिकल फ्रेंचाइजी लेने के लिए संपर्क किया था। फ्रेंचाइजी लेने पर प्रतिमाह 1 से 2 लाख रुपये तक लाभ होने का दावा किया था। इसके अलावा दुकान का इंटीरियर, ब्रांड प्रमोशन, एमबीबीएस डॉक्टर के साथ ओपीडी सुविधा, पैथोलॉजी, दवाइयों का स्टॉक, कर्मचारियों की व्यवस्था और उनके वेतन तक का खर्च कंपनी द्वारा उठाने का भरोसा जताया था। झांसे में आकर राहुल ने 27 अक्टूबर 2024 को कंपनी की फ्रेंचाइजी ले ली। कंपनी ने अलग-अलग मदों में उनसे भारी रकम वसूला।

■ मोहन नगर पुलिस कर रही है मामले की जांच

### इस तरह वसूली गई रकम

फ्रेंचाइजी की फीस के नाम पर पहले 3.80 लाख रुपए लिए गए। उसके बाद इंटीरियर के लिए 3.50 लाख रुपये, मार्केटिंग के लिए 2.50 लाख रुपये, दवाइयों के स्टॉक के नाम पर 10 लाख रुपये, एमबीबीएस डॉक्टर, पैथोलॉजी सुविधा के लिए 5 लाख रुपये लिए गए। 28 अक्टूबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 के बीच फोन-पे, आरटीजीएस समेत अन्य माध्यमों से कुल 25 लाख 93 हजार 400 रुपये कंपनी को पीड़ित ने दिया। पीड़ित के मुताबिक रकम लेने के बाद कंपनी ने न तो तय सुविधाएं उपलब्ध कराई और न ही अपने वादों को पूरा किया। बल्कि बार-बार ईमेल करने के बाद भी कंपनी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई दवाइयों में कई दवाएं अनुपयोगी और गलत भेजी गई।

उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो पंकिट में शीत लहर चलने की चेतावनी

# शीतलहर से ठिठुरी ट्विनसिटी, पारा सामान्य से 5.7 डिग्री नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मौसम ने पिछले दो दिनों से फिर करवट बदला है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस नीचे आ पहुंचा। जिसकी वजह से ट्विनसिटी शीतलहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने आने वाले 3 दिनों तक पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 1से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की जताई है। इस हिसाब से तापमान जरूर आगे जाएगा लेकिन शीतलहर की स्थिति में ठिठुरन बनी रह सकती है। तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



**दिनभर चली नम हवाएं, शाम होते ही पारा और गिरा**

शनिवार की सुबह से पूरे दिन तक नम हवाएं चलती रही। शाम होते ही न्यूनतम तापमान और नीचे चला गया। जिसकी वजह से शाम व रात को काफी ठंड लोगों ने महसूस की। लोग दिनभर गर्म कपड़ों से लदे मिले। बिना जैकेट के लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। शाम से रात तक ठंड इतनी ज्यादा हो गई है कि सड़क पर गर्म कपड़े भी काम नहीं कर रहे।

### इस तरह चल रहा सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उससे सटे पाकिस्तान और पड़ोस के ऊपर औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर स्थित है। मध्य और ऊपरी उष्णकटिबंधीय पश्चिमी हवाओं में गर्त के साथ इसका अक्षांश औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर है अब लगभग 60 ई देशान्तर के अनुदिश अक्षांश 25 उत्तर की ओर स्थित है। उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम उत्तर-पूर्व भारत के ऊपर औसत समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर 145 नॉट की गति से चल रही है।

### आज भी चलेगी शीतलहर

मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो पॉकेट में शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है। दो दिनों के बाद प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। दुर्ग भिलाई शहर में 18 जनवरी को धुंध छाए रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 30 डिग्री सेल्सियस और 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।





दुर्ग सम्भाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं
स्व. ताराचंद साहू जी
स्मृति सम्मान समारोह
स्थान : रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग
दिनांक : 18-01-2026
स्व. ताराचंद साहू जी
पूर्व सांसद
प्रथम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा (छ.ग.)
दीपक ताराचंद साहू
पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प वि.बो.
नंदलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- दुर्ग
चन्द्रभूषण साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- भिलाईनगर
नारद साहू अधिवक्ता
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- बेमेतरा
महेन्द्र साहू
अध्यक्ष
जिला साहू समाज, बालोद
भागवत साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-राजनंदगाव
टीलेश्वर साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-खैरागढ छुईखदान-गंडई
धरमलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-कबीरधाम
मदनलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-मानपुर मोहला चौकी
आनंद साहू
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
गिरवर बंटी साहू
सभापति
भिलाई नगर
पालिक निगम
देवकुमार साहू
दुर्ग संभाग संयोजक
युवा प्रकोष्ठ,छ.ग.प्र. साहू संघ
प्रदेश सह. सोशल मीडिया प्रभारी
पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा (छ.ग.)
भोला साहू
सर्व छ.ग. समाज संगठन
अध्यक्ष, वैशाली नगर
मुरली साहू
पूर्व प्रदेश संगठन सचिव
छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ
इंजी. प्रेम किशन साहू
पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री
युवा प्रकोष्ठ, प्रदेश साहू संघ
निलेश साहू
प्रदेश संगठन सचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
मुकेश साहू
पूर्व दुर्ग जिला
संयोजक, युवा प्रकोष्ठ
डॉ. शैलेन्द्र साहू
राष्ट्रीय अध्यक्ष
माँ कर्मा भोग
प्रसाद वितरण समिति
डॉ. पंकज राठौर
संभाग संयोजक
चिकित्सा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
हरिशंकर साहू
संगठन सचिव
साहू मित्र सभा
भिलाई नगर
सूरज साहू
रेड ड्राप फ्रेंड्स
क्लब संयोजक
सामदेव साहू
दुर्ग संभाग महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
अजीत साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
गजेन्द्र साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
कबीर साहू
डायरेक्टर
सिगमा ग्रुप ऑफ कंपनी
उपाध्यक्ष-दुर्ग संभाग,
युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सक्रियता रास नहीं आ रही, इसलिए कांग्रेसी लगा रहे आरोप : नायक



**पाटन।** जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा है कि जनपद पंचायत पाटन की कार्यप्रणाली और विकासात्मक सक्रियता कांग्रेस नेताओं को रास नहीं आ रही है। यही कारण है कि बिना तथ्य और जानकारी के लगातार जनपद पंचायत पर आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति अब केवल आरोप, भ्रम और अफवाह तक सीमित रह गई है, जबकि जनपद पंचायत पाटन जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है। अध्यक्ष कीर्ति नायक ने स्पष्ट किया कि जनपद पंचायत पाटन में नियमों के तहत सामान्य सभा की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। कुछ ही महीनों में सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई थी, जिसकी सूचना सभी जनप्रतिनिधियों को विधिवत दी गई थी। इसके बावजूद कांग्रेस के कुछ नेता यह कहकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं कि बैठकें नहीं हो रही हैं। उन्होंने इसे कांग्रेस की हताशा और राजनीतिक असहजता का परिणाम बताया।

### मधु ने 7 वर्षों की मेहनत से तैयार की सीतापति कथा



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के तत्वावधान में नवां प्रांतीय सम्मेलन बिलासपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें कुम्हारी (कपसदा) की रचनाकार मधु तिवारी की कृति सीतापति कथाः छत्तीसगढ़ी रामायन, का विमोचन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ी भाषा में रामचरितमानस का संपूर्ण छत्तीसगढ़ी काव्यात्मक अनुवाद है। मधु तिवारी ने बताया की इस कार्य में उन्हें लगभग सात वर्ष का समय लगा है और यह पुस्तक करीब 630 पृष्ठों की है। अपनी मेहनत को फलीभूत होते हुए देखकर जहां उन्हें बेहद खुशी हुई वहीं आयोजन में लोगों द्वारा मिली प्रशंसा से वे भावुक भी हैं। आयोजन में उपस्थित वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकारों इसके लिए उन्हें बधाई भी दी। पेशे से शिक्षिका मधु तिवारी विगत कई वर्षों से लेखन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। कविताएं लघु कहानियां एवं छत्तीसगढ़ी में उनके द्वारा लिखे गीत और रचनाओं के पुस्तकों का प्रकाशन भी हो चुका है। उक्त कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल , बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल , बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ,बेमेतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## निधन

### बिरझा बाई



**सेलूद।** ग्राम छाटा निवासी झूमुक राम वर्मा की धर्म पत्नि बिरझा बाई वर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। वे उदय वर्मा,राम कृष्ण वर्मा,गोविन्द वर्मा के माता थी। अंतिम संस्कार के मौके पर गाँव परिवार व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कल्याण देशमुख



**अंडा।** ग्राम तिरगा निवासी कल्याण देशमुख उम्र 80 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तिरगा मुक्तिधाम में किया गया। वे भागवत और लतेल, राधा देशमुख के पिता थे।

### सरोज हेनरी



**भिलाई।** बीएसपी इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर-10 की सेवानिवृत्त एचएम श्रीमती सरोज हेनरी का निधन हो गया। उनकी प्रार्थना सभा 18 जनवरी रविवार को दोपहर बाद 3:00 बजे से 174 ए रूआबांधा सेक्टर भिलाई स्थित निवास में होगी और इसके बाद अंतिम यात्रा क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरू नगर के लिए निकलेगी, जहां शाम 4:00 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्वर्गीय एम के हेनरी की पत्नी सरोज हेनरी अपने पीछे बेटों शिराज हेनरी, फिरोज हेनरी और बेटी भावना लॉरेंस सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

सफर

# रेगिस्तान का जहाज पहुंचा पाटन



**पाटन।** रेगिस्तान के जहाज कहे जाने वाले ऊँट अब छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर चुके हैं। शनिवार की सुबह पाटन क्षेत्र की सड़कों पर ऊँटों का एक झुंड अपने मेहमानों के साथ विचरण करता नजर आया। यह नजारा राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए कौतूहल का विषय बन गया। दूर-दराज के इलाकों से आए ये ऊँट भोजन और अस्थायी बसेरे की तलाश में पाटन की सड़कों पर घूमते दिखे। लोगों ने मोबाइल कैमरों में इस अनोखे दृश्य को कैद किया।

भक्ति-भाव

# अहिल्या उद्धार की कथा को सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

**सेलूद।** वृंदावन धाम की बालिका अंशिका देवी के मधुर स्वरों से दस दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन जारी है। चौथे दिन अंशिका देवी ने बाल लीला विश्वामित्र यज्ञ, अहिल्या उद्धार, मिथिला शंकर उद्धार की कथा का वर्णन किया। आरती पश्चात कथा विराम हुआ।



आयोजन की तैयारी

# गुहा राज निषाद जयंती व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**अंडा।** निषाद समाज भरदा चगोरी परिक्षेत्र के द्वारा महाराज गुहाराज निषाद की जयंती का आयोजन 18 जनवरी रविवार को ग्राम अछोटी में किया गया है।

इस अवसर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी होगा। इस अवसर पर सुबह 8:00 बजे से पूजा अर्चना के बाद शोभा कलश यात्रा निकल जाएगी तथा 10 वीं एवं 12वीं के 75 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं तथा खेल सांस्कृतिक सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को अतिथियों के द्वारा सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता डॉ घनश्याम निषाद करेंगे।

इसके अलावा विशेष अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ,अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज एवं गुडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरू निषाद सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## पहल : पाटन में एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण

# नवीन पाठ्य पुस्तकों से बेहतर होगा शिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸पाटन

विकासखंड पाटन में नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित एफ एल एन पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में भिलाई, सेलूद और जामगांव आर के प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी डालेन्द्र देवांगन, बीआरसी खिलावन चोपड़िया प्रशिक्षण प्रभारी के मार्गदर्शन में बी आर सी भवन पाटन में एस आर जी लालिमा चंद्राकर,डी आर जी घनश्याम साहू, अंकेश महिपाल, बी आर जी सुशील सूर्यवंशी, विरेन्द्र कुमार साहू शिक्षादूत, कामता प्रसाद धनकर, टी पी यदु,चलेश कुमार साहू, रेणुका वर्मा एवं हेमलता मढ़रिया ने



प्राथमिक शाला के कक्षा पहली से तीसरी तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) दुर्ग प्राचार्य मरसकोले एवं सत्येंद्र शर्मा ने तीसरे दिन प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

दूसरे दिन एस आर जी लालिमा चंद्राकर ने पूरे सत्रों का अवलोकन किया। पांचवें दिन खेल और योग कला विषय पर पीएमश्री विद्यालय अखरा के योग शिक्षक भुनेश कुमार साहू एवं बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कला शिक्षा के लिए लखेश्वर साहू, वरुण निषाद ने पाठ्य पुस्तक की बारीकियो को बताया।

# नेशनल जम्बूरी में दुर्ग जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸अंडा

प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 का आयोजन छत्तीसगढ़ के जिला बालोद के ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष जिला संघ दुर्ग सह राज्य आयुक्त (रोवर) अशोक देशमुख, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व में नोडल अधिकारी प्रदीप महिलांगे सहायक जिला आयुक्त स्काउट, सहायक नोडल अधिकारी श्रवण सिन्हा, लिंक अधिकारी तनवीर अकील के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले से 84 रोवर, 85 रेंजर, 22 स्काउटर और 15 गाइडर राज्य और जिले से कुल 206 की संख्या में अपनी



सहभागिता दी। छत्तीसगढ़ नाईट में बच्चों और प्रभारियों ने छत्तीसगढ़ी परिधान पहनकर किया नृत्य जम्बूरी के तत्वाधान में राज्य व विभिन्न प्रतियोगिताओं में 9 'ए' ग्रेड और 6 ' बी' ग्रेड प्राप्त किया। जिला टीम में डीटीसी स्काउट नीरज कुमार साहू (जम्बूरी प्रभारी रोवर), डीओसी गाइड अमीता हरमुख (जम्बूरी प्रभारी रेंजर), देवेन्द्र कुमार देवांगन पंजीयन प्रभारी ने सेवाएं दी।

# गुरु, गायत्री, गीता, गंगा और गौ सेवा के मंत्र जीवन में अपनाएं : दीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸निकुम

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व शिव पुराण की कथा 15 जनवरी से शुरू हुई।

मां भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष अखंड दीप तथा गुरुदेव के तप के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री प्रज्ञापीठ व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में बाजार चौक प्रांगण में 19 जनवरी तक जारी इस कथा में सुबह 8बजे से 11 बजे तक महायज्ञ हो रहा है, वही दोपहर 1 बजे तक शाम 5बजे तक संगीतमय भजन शिव कथा जारी है। जिसमें प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र पारिवारिक, सामाजिक,



राजनीतिक, आर्थिक, उद्योग, व्यवसाय, नौकरी आदि में सफलता पाना है, तो पहले स्वयं में और स्वयं को सफल बनना पड़ेगा। यह तभी संभव है, जब आप जीवन में पांच चीजें अपनाएंगे। जिसका अर्थ है- गुरु, गायत्री, गीता, गंगा और गौ माता की सेवा है। इस दौरान गायत्री परिवार के कार्यकर्ता , पंचराम देशमुख, माधव देशमुख,हेमराज निर्मलकर, निखिल साहू, ओम प्रकाश साहू, रोहित कुमार देशमुख, कुंती देशमुख रुक्मणि साहू, स्नेहलता साहू और ईश्वरी साहु सहित अनेक लोगों का योगदान है।

### धनोरा में मनाई शाकंभरी जयंती



**उतई।** धनोरा दुर्ग में कोसरिया मरार समाज द्वारा 15 जनवरी गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से शाकंभरी जयंती मनाई गई। सुबह 10 बजे से सभी समाज के लोगों ने शीतला प्रांगण में इकट्ठा होकर मां शाकंभरी मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित किया। शोभा यात्रा महिलाएं सिर पर साग सब्जी के टोकरे रखी हुई थीं एवं बाकी लोग साथ साथ जय शाकंभरी जय मरार के नारे लगाते हुए बाजे गाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मां शीतला प्रांगण पहुंची। माता रानी की पूजा पाठ कर पंडित ने हवन किया।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकारगण श्री चन्द्रहास साव, श्री चन्द्रमोहन साव, सुश्री विजय लक्ष्मी साव, श्रीमती सुभद्रा देवी साव सभी पिता स्व. गणेश राम साव के नाम पर स्मृति नगर, सड़क नं.- 23 व 24, मौजा- जुनवानी, प.ह.नं. - 43, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) के राजस्व अभिलेखों में खसरा नं. - 353 / 02 रकबा 0.25 हेक्टे. की परिवर्तित भूमि उनके भूमि स्वामी हक में दर्ज है तथा मेरे पक्षकारगण के विधिक कब्जे में है। उक्त खसरे भूमि के संबंध में मेरे पक्षकारगण ने कभी भी बैंक आफ इंडिया, शाखा - सिविक सेंटर, भिलाई से ऋण अनुबंध निष्पादित कर साम्यिक बंधक रखते हुये ऋण प्राप्त नही किया है। मेरे पक्षकारगण की उक्त खसरा भूमि का स्वत्व पाक-साफ व पूर्णरूप से स्वतंत्र एवं भारमुक्त है। मेरे पक्षकारगण के उक्त खसरे के संबंध में माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट अपील क्रमांक 808 / 2025 में पारित आदेश दिनांक 10/11/2025 के अनुपालन में माननीय राजस्व मंडल रायपुर को प्रकरण क्रमांक आर.एन./ आर./14/अ- 6 / 415 / 2012 में नवीन आदेश पारित करना शेष है। मेरे पक्षकारगण के उक्त खसरा भूमि के संबंध में बैंक आफ इंडिया, शाखा- सिविक सेंटर, भिलाई द्वारा गलत व अवैध रूप से ई-नीलामी सूचना दिनांक 09/01/2026 के माध्यम से उक्त खसरा भूमि 353 / 2 को अपने बंधकशुदा संपत्ति के रूप में प्रसारित व प्रचारित किया गया है। बैंक ने उक्त नीलामी सूचना से आम जन को भ्रम में डालकर मेरे पक्षकारगण की भूमि खसरा नं. 353 / 2 को इंटरनेट में नीलामी सूचना द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया है। मेरे पक्षकारगण द्वारा तत् संदर्भ में बैंक को अधिवक्ता नोटिस के माध्यम से न्यायालयीन कार्यवाहियों की सूचना प्रदान कर देने के पश्चात् भी मनमाने अवमाननापूर्ण, गलत व अवैध नीलामी प्रक्रिया जारी रखी जा रही है।

अतः आम जनता को यह ताकिद की जाती है कि वे बैंक आफ इंडिया, शाखा- सिविक सेंटर, भिलाई के विवादग्रस्त व अवैध नीलामी में भाग लेकर या बोली में सफल होकर उपरोक्त खसरा भूमि 353/2 को क्रय ना करें। मेरे पक्षकारगण की खसरा भूमि 353 / 2 के संदर्भ में बैंक को कोई बोलीदाता द्वारा अदा की गई रकमें के लिये मेरे पक्षकारगण बंधनकारी नही है। ऐसे भुगतान के लिये बोलीदाता स्वतः जिम्मेदार होगा।

सो सूचना जाने

स्थान- दुर्ग
दिनांक- 17/01/2026

**परीक्षित तिवारी (अधिवक्ता)**
पता - 249, प्रेम नगर, सिकोला भाठा, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 98278-97917

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202512104500028/**

विषयः- अ-6 सनः- 2025-2026

**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

पाहंदा प.ह.न. 00002 [2155(0.0740 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - प्रेमलाल, कुलेश्वर, नंदलाल, अंजनी साहू,
अनावेदक पक्षकार - प्रेमलाल, कुलेश्वर, नंदलाल, अंजनी साहू,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पांहदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आभा पाण्डेय पति महेश पाण्डेय निवासी बसुन्धरा नगर, पुराना चंगोराभाठा रायपुर तह. व जिला रायपुर द्वारा ग्राम पांहदा प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदित भूमि खसरा नंबर 2155 का टुकड़ा रकबा 8000 वर्गफुट, (0.074 हे.) का प्रश्नाधीन क्रेता के नाम आवेदक के नाम पर प्रमाणीकरण ग्राम पाहंदा के नामांतरण पंजी 2014 के नामांतरण क्रमांक 70 आदेश दिनांक 04.10.2014 को प्रमाणीकरण हुआ होना पटवारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत सुनवाई तिथि 21/01/2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/12/2025, को जारी किया जाता है।

मुहर

**Manoj Kumar Rastogi**
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील पाटन**

### दो दिवसीय जस झाकी 26 से

**अंडा।** दीप किरण जस झांकी मंडली एवं समस्त ग्रामवासी आबादी पारा अंडा के तत्वावधान में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता 26 जनवरी व 27 जनवरी को रखी गई है। समिति के सदस्य राजेश धीवर ने बताया कि इस जस झांकी को सफल बनाने के लिए आस पास के ग्रामीणजनों की भी सहभागिता रहेगी।

बिजनेस साइट

### एमएम रिसोर्ट व मैरिज पार्क में है बेहतर सुविधा



**भिलाई।** यूवी पावर पेट्रोल पम्प कुरूद रोड कोहका भिलाई के पास स्थित एम.एम रिसोर्ट एण्ड मैरिज पार्क प्रत्येक कार्यक्रम शादी, पार्टी व अन्य मिटींग तथा मांगलिक कार्य के लिए पर्याप्त व्यवस्था एवं उपयुक्त है। यहां स्वीमिंग पूल, 80 हजार वर्ग फीट एवं 35 हजार वर्ग फीट का दो लॉन उपलब्ध है साथ ही 30 एसी रूम एवं बैंक्वेट हाल आदि की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा 5 एकड़ में वाहन पार्किंग की विशेष सुविधा है जिसके कारण कोई भी वाहन रोड पर खड़ी नहीं होगी। एमएम रिसोर्ट एण्ड मैरिज पार्क को किसी भी कार्यक्रम के लिए बुक करने के लिए संपर्क करें।

## अंचल की खबरें

### शिव महापुराण भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू



**जामगांव आर /सेलूद ।** शिव शक्ति महिला समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से मर्रा मे 9 दिवसीय शिव महापुराण महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। व्यास गद्दी पर भागवत आचार्य पंडित सौरभ शर्मा चंडी मंदिर धाम अरमरीकला आसीन हुए। प्रवचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक जारी है। आयोजन में सुदर्शन वर्मा ,सतरूपा वर्मा , भुवल्लभ साहू ,विक्की मुकुंद विश्वकर्मा, टेकराम साहू, रमेश ठाकुर, सरपंच मुकेश देवांगन एवं शिव शक्ति महिला समिति से रानी देवांगन, राजकुमारी देवांगन, प्रभा , निरुपमा विश्वकर्मा और विराम साहू सहित आयोजक शिव शक्ति महिला समिति गौठान पारा का सहयोग उल्लेखनीय है।

### सरपंच ने बच्चों को दान किए तिल के लड्डू



**अमलेश्वर।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सांकरा के युवा सरपंच रवि सिंगौर ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर एक अनोखा और दिल को छू लेने वाला आयोजन किया। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ तीली लड्डू का दान कर त्योहार मनाया, जो बच्चों के लिए एक खुशी का अवसर था। इस अवसर पर तुलराम सिंगौर, पंच महेंद्र पारधी, पंच सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, कामता सिंगौर, छोटू यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय डीजे डांस में दिखी युवाओं की प्रतिभा



**पाटन।** श्री शिव-शक्ति युवा मंडल एवं ग्रामवासी केसरा द्वारा राज्य स्तरीय डी जे डांस प्रतियोगिता 2026 का आगाज बाजार चौक केसरा में हुआ। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा थे। अध्यक्षता डॉ.ईश्वर प्रसाद निषाद (सरपंच,केसरा) ने की। विशेष अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, नोमिन ठाकुर (जिला पंचायत सदस्य दुर्ग), दिनेश साहू सदस्य जप, सोहन जोशीजोन प्रभारी, सार्थक दानी, तेजराम सिन्हा सेक्टर प्रभारी, गजानंद सिन्हा, यशवन्त साहू (सरपंच,जरवाय), मनीष पटेल (पूर्व सरपंच तेलीगुण्डरा), अशोक साहू (पूर्व सरपंच तरीघाट) ने पूजा अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर चिन्ताराम साहू,योगेश सिन्हा,चंदन निषाद,मिथलेश सिन्हा,राजेश सिन्हा,शेखर सिन्हालुलेश ठाकुर,देवेन्द्र सिन्हा,तेजेश्वर पटेल,रोशन सिन्हा,गुलशन पटेल,प्रकाश सिन्हा,सुनील पटेल,नुतन साहू,प्रशांत सेन, किशोर सिन्हा,मंच संचालक आकाश साहू,लीना कोसमा (कांकेर),कमलेश पटेल,सागर सिन्हा,लक्की सिन्हा,मनहरण सिन्हा, हरीश सेन,चिन्टू सिन्हा,मानजीत ठाकुर,चंदन साहू, गणेश,बबलू ठाकुर,प्रीतम सिन्हा,शिवा सेन,योगेश सिन्हा, ठामेश्वर साहू,खुमान निषाद,अजय ध्रुव,राहुल यादव,अंकित पटेल,निलेश साहू,ओम सिन्हा,यमन पटेल,चंदन सिन्हा,श्री शिव-शक्ति युवा मंडल समिति एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।


### लिखिता का फुटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पाटन।** राजस्थान के उदयपुर में आयोजित जूनियर नेशनल फुटबॉल स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम में ग्राम कुर्मीगुंडरा में रहने वाली कुमारी लिखिता ठाकुर भी शामिल थी। लिखिता वर्तमान में बेमेतरा जिला के ग्राम हरदा में रहकर पढ़ाई कर रही है। वे सेवा निवृत शिक्षक महेंद्र कुमार ठाकुर को पोती तथा डगेश ठाकुर और संध्या ठाकुर की पुत्री है।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हाथ में लोहे का कड़ा पहनने वालों पर सख्ती

**भिलाई।** जिले में आयोजित मड़ई मेला, बाजार क्षेत्रों समेत अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस सघन निगरानी कर विशेष अभियान चला रही है। अभियान के दौरान असामाजिक कस्मि के युवक बड़े-बड़े लोहे के कड़े पहनकर मड़ई मेला, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूमते हुए अड्डेबाजी कर रहे थे। अभियान के तहत 350 लोहे के कड़े पुलिस ने जब्त किया है। मड़ई मेला, बाजार, सार्वजनिक स्थलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अड्डेबाजी, हथियारनुमा वस्तुएं पहनकर घूमने, भय का वातावरण निर्मित करने अथवा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ भी बिना किसी पूर्व सूचना के कठोर और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यालय के उद्घाटन से जनसेवा को मिलेगी दिशा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पांडेय के कार्यालय का शुभारंभ शनिवार को 32 बंगले में हुआ। इस कार्यालय से संगठन व संस्था जनसेवा, विकास और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में नए आयाम स्थापित करेंगे। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को सशक्त बनाने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयास करेंगे।

### रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई ने राजनांदगांव में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी निर्देशक मनोज ठाकरे, एडवोकेट नेहा गुप्ता, ट्रेनर तपन कुमार विश्वास और संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फायर एवं सेफ्टी के विद्यार्थियों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का आयोजन रक्त वीर संस्था के नागेंद्र यदु और उनकी टीम ने किया।

# मूकमाटी के नाम से पहचानी जाएगी रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुछ समय पहले रायपुर-जबलपुर की महत्ता को देखते हुए इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरुआत की थी। यह ट्रेन रायपुर से छूटकर डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट होकर जबलपुर पहुंचती है। उसी दिन आधे घंटे के बाद जबलपुर से रायपुर लौटती है। दुर्ग भिलाई रेल यात्री संघ के अध्यक्ष संजय बोहरा ने बताया कि उक्त ट्रेन के लिए की मांग वर्षों से की जा रही थी, जिसे रेल मंत्रालय ने स्वीकार किया। इस ट्रेन का नामकरण का प्रकाशन रेल मंत्रालय ने कर दिया है। शनिवार की शाम 4:05 पर मुख्यमंत्री विष्णु साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर प्लेटफार्म नंबर 7 से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई रवाना किया। यह ट्रेन शाम करीब 5 बजे दुर्ग पहुंची। सकल दिगंबर जैन समाज, श्वेतांबर समाज दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव के पदाधिकारी ने इस अवसर पर ट्रेन में यात्रा करने वाले लोगों को मिठाई का प्रसाद के रूप में वितरण किया।

## सकल जैन समाज के लोगों ने स्टेशन में पहुंचकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार

### जबलपुर का संबंध संत विद्यासागर के कर्म रूप में

बोहरा ने बताया जबलपुर का संबंध संत शिरोमणि गुरु विद्यासागर के कर्म रुप में है। डोंगरगढ़ उनका मोक्ष स्थल है। अर्थात जहां अंतिम समय गुजर, जहां से वह ब्रह्मलोक में गए थे। इस क्षेत्र की उपयोगिता को देखते हुए महाकवि गुरुवर आचार्य विद्यासागर के महाकाव्य खंड जिसका प्रकाशन ज्ञानपीठ में हुआ था। कई विश्वविद्यालय में शोध और पीएचडी के लिए विद्यार्थी ग्रंथ पर अपना अध्ययन कर रहे हैं। इस महाकाव्य खंड के लोकप्रियता को देखते हुए इसमें हिंदी भाषा की उत्कृष्ट काव्य भाषा का उपयोग किया गया है, जो की ज्ञानपीठ प्रकाशन ने भी प्रकाशित किया है।



### महाकाव्य के काव्यपाठ पर किया गया ट्रेन का नामकरण

संजय बोहरा ने बताया कि इस लोकप्रिय महाकाव्य के प्रसिद्ध काव्य पाठ पर इस ट्रेन का नाम रेल प्रशासन नई दिल्ली ने मूक माटी एक्सप्रेस रखा है। इसके लिए सकल जैन समाज आभारी है। स्टेशन में ज्ञानचंद पाटनी, महावीर गंगवाल, रमेश बाकलीवाल, वीके जैन, संजय बोहरा, अभिषेक जैन, निखिल जैन बाकलीवाल, महेंद्र पाटनी, प्रदीप बाकलीवाल, विमल बड़जात्या, सुशील पाटनी, बबीता बाकलीवाल, ममता पाटनी, अनीता बाकलीवाल, महिला वर्ग से मीणा पाटनी सहित अन्य मौजूद थे।

## 20 को करेंगे नगर सेवाएं कार्यालय का घेराव, रखेंगे मांग

# टाउनशिप के सैकड़ों रिटायर आवासधारियों में किराया वृद्धि को लेकर बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वर्षों अपने खून पसीने से भिलाई इस्पात संयंत्र को सेल का सबसे बड़ा संयंत्र बनाने में योगदान देने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों की आवासीय परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। रिटेंशनधारियों के आवासों की भारी किराया वृद्धि को लेकर प्रबंधन की उदासीनता से आक्रोश बढ़ रहा है। गुस्साए रिटेंशनधारी अब बीस जनवरी को नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में रिटायर संयंत्रकर्मियों को रिटेंशन स्कीम के तहत आवास अलाट किए गए हैं। आवास के लिए चौदह सौ रहवासियों द्वारा नौ लाख रुपए बीएसपी में जमा किए हैं और हर माह आवास, बिजली आदि किराया राशि देते हैं। लेकिन दो महीने पूर्व प्रबंधन ने अचानक कई गुना किराया बढ़ा दिया है। किराया वृद्धि 24 रुपए प्रति वर्ग फुट बढ़ा दिया गया है। रिटेंशनधारियों के मुताबिक इतना अधिक किराया भुगतान कर पाना संभव नहीं है। वे कई बार बीएसपी अधिकारियो से राहत की गुहार कर चुके हैं। सांसद विजय बघेल व विधायक देवेंद्र यादव ने भी प्रबंधन से चर्चा कर रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने की मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। सभी सांसद विधायक व अफसरों के चक्कर लगा रहे हैं। समाधान नहीं होने से रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। बीएसपी रिटेंशनधारी संघ की शनिवार को पायोनियर मान्यूमेंट पार्क सिविकसेंटर में हुई बैठक में सांसद विजय बघेल से मुलाकात करने और उनके प्रबंधन के आश्वासन पर अमल नहीं होने की जानकारी दी गई। प्रबंधन के अड़ियल रवैये पर आक्रोश जताया गया मनामान किराया वापस लेने की मांग को लेकर बीस जनवरी को सुबह 8 बजे से बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। रिटेंशनधारी संघ के पी मोहन राव ने बताया कि विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल किराया वृद्धि वापस लेने की मांग की जाएगी। रिटेंशधारी 32 गुना किराया पटा रहे हैं।

## कई बुजुर्ग मकान खाली करने हो रहे मजबूर



### रिटेंशन से बीएसपी को दोहरा लाभ

बीएसपी को बीएसपी आवासों को सेवानिवृत्तों को किराया पर देने से दोहरा लाभ हो रहा है। इसके बाद भी इस स्कीम को खत्म करने कई गुना रेंट बढ़ाने से रहवासी चिंतित व आक्रोशित हैं। रिटेंशनधारियों ने बताया कि रिटेंशन पर आवास देने से मकानों के नियमित रखरखाव होने के साथ किराया केरूप में बीएसपी को करोड़ों का राजस्व भी मिल रहा है। हर रिटेंशनधारी से 9 लाख रुपए सुरक्षा निधि के रुप में जमा करवाए गए हैं। यदि मकान खाली रहेंगे तो कब्जाधारियों व अराजक तत्वों के जमावड़े से अराजकता बढ़ेगी।

### सैकड़ों थर्ड पार्टी से नुकसान

रिटेंशनधारियों ने बताया कि टाउनशिप में प्रबंधन द्वारा राज्य शासन के अधिकारियों व विभिन्न निजी संस्थानों को हजारों आवास थर्ड पारी के रुप में आवंटित किए हैं। कई को तीन चार मकान आवंटित हैं। इनमें कई अफसरों के तबादले व रिटायर होने के बाद भी कब्जा किए हैं। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन व यूनियनों के प्रबंधन से मांग के बाद भी कब्जामुक्त नहीं करवाए जा चुके हैं। इससे बीएसपी को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। सेक्टर 10, 9 व 32 बंगला सहित विभिन्न सेक्टरों में सैकड़ों बड़े मकानों कब्जा बरकरार है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन बीएसपी के विकास में वर्षों पसीना बहाने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को बुढ़ापे में बेघर करने में अपनी ताकत झोंक रहा है। 18 हजार से 20 हजार किराया बिल आ रहा है।

# वार्डवासियों की समस्याओं से अवगत हुए मंत्री यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मॉर्निंग विजिट में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शनिवार को मोहननगर, आमापारा और आर्यनगर पहुंचे और जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुने। वार्ड के नागरिकों ने उन्हें वार्ड के विकास और मूलभूत समस्याओं से अवगत किराया। मंत्री यादव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

■ सीमेंटीकरण सड़क और नाली निर्माण की मांग

नागरिकों ने वार्ड की जरूरतों और विकास से जुड़े विषयों को केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव को अवगत कराया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सांझा करते हुए पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किए। वार्ड भ्रमण के दौरान केबिनेट मंत्री यादव ने महतारी वंदन योजना, पीएम आवास के हितग्राहियों से भी चर्चा की। वार्ड 12 के नागरिकों ने क्षेत्र में सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण और अधिक विकास कार्य कराए जाने का आग्रह किये। मंत्री गजेन्द्र यादव ने वार्डवासियों के साथ भ्रमण कर स्थानीय आवश्यकताओं पर चर्चा की। इस दौरान नागरिकों ने मैदान के पास स्थित रिक्त भूमि को सुव्यवस्थित कर शादी-विवाह, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए डोमशेड एवं सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में निरंतर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं। जनता जनार्दन से सीधा संवाद ही सुशासन की नींव है, और क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे और जनसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान पार्षद आशीष चंद्राकर, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, संदीप भाटिया, महेश देवांगन, अमित अगने, मनोज कुमार सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# संग्रहण केंद्रों में कम धान मिलने की हो निष्पक्ष जांच, एसएसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। सत्र 2024–25 में खरीदे गए धान के उठाव के बाद कवर्धा और महासमुंद जिलों के धान संग्रहण केंद्रों में करोड़ों रुपये के धान की भारी कमी सामने आई है। अधिकारियों द्वारा इस कमी के लिए चूहों, कीट-पतंगों, नमी और मौसम को जिम्मेदार ठहराए गए।

इन मामलों के उजागर होने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग वेयरहाउस का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वे यह देखने आए हैं कि कहीं कवर्धा और महासमुंद से बताए जा रहे चूहे दुर्ग तो नहीं पहुंच गए। पूर्व में राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष रह चुके वोरा ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने कभी ऐसा मामला नहीं देखा, जहां हजारों क्विंटल धान की कमी को चूहों और कीट-पतंगों



के नाम पर समझाया गया हो। उनका कहना था कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित गड़बड़ी का संकेत देता है। दौरे के बाद वोरा ने दुर्ग के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि असली दोषियों की पहचान जरूरी है और करोड़ों रुपये के इस नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने इन सभी मामलों को गंभीर बताते हुए उच्च स्तरीय, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग की है।

# साक्ष्य और एनडीपीएस को लेकर ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ई-साक्ष्य एनडीपीएस एक्ट को लेकर विवेचकों द्वारा की जाने वाली त्रुटियों के लिए पुलिस अधिकारी, विवेचकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दुर्ग प्रशासनिक भवन स्थित प्रशिक्षण हॉल में किया गया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधिकारी विवेचकों को नशीली टेबलेट व कैप्सूल में कार्रवाई धारा 50 एनडीपीएस कार्रवाई, व्यक्तिगत तलाशी घटनास्थल पर स्पष्ट दस्तावेज तैयार करना, ओवरराईटिंग नहीं करने, सेंपलिंग कार्रवाई के बाद दवाई या मादक पदार्थ का परीक्षण कराने एफएसएल भेजने, संपति पत्रक में सील लगाने, धारा 42 ,धारा 50, 52-ए इन्वेस्टी की कार्रवाई धारा 55, धारा 57 कार्रवाई की सूचना, एनडीपीएस एक्ट के मामलों में एक से अधिक आरोपी होने से धारा 29 एन.डी.पी.एस.एक्ट् में कार्रवाई करने, आगजनी के दौरान हादसों में सपंत्ति का विवरण देने, आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने आरोपी को सजा दिलाने के उद्देश्य से कार्रवाई करने, मर्ग जांच में कारणों का उल्लेख करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत 75 अधिकारी, विवेचक पहुंचे थे।

# आयुक्त ने बैकुंठ धाम क्षेत्र के सुलभ शौचालय, पीएम आवासकिया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर, जीवीपी पॉइंट, सुलभ शौचालय, बैकुंठ धाम तालाब, पीएम आवास सहित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना से दुकानो का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है।

निगम आयुक्त द्वारा मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 33 में एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया गया। सेंटर मे चल रहे कचरा पृथककरण के कार्यों का जायजा लिए । ई-रिक्शा एवं ऑटो टिप्पर से डोर-टू-डोर कचरा बीट चार्ट अनुसार एकत्रित करने निर्देशित किये है। नागरिको द्वारा कचरा फेकने वाले स्थल जी व्ही पी प्वाइंट को सौंदर्य करण किया गया है। वार्ड मे सड़क किनारे लगाए गये पेवर ब्लॉक का जायजा लेते हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देशित किये है। रोड साइड अतिक्रमण कर टेंट एवं अन्य कारोबार करने वाले लोगों पर कारवाई करने निर्देशित किया गया है ।



आयुक्त ने दिवाल एवं चौंक-चौराहो मे पेंटिंग के माध्यम से स्वछता हेतु नागरिको को जागरूक करने कहा गया है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए सुलभ शौचालय की नियमित साफ-सफाई एवं पानी की सुविधा बनाये रखने निर्देशित किये है। वार्ड मे अवैध तरीके से रह रहे नागरिकों से मुलाकात कर 75000 में प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन करने ओर मुख्यमंत्री स्वालम्बन योजना से निर्मित दुकानों को स्वयं से खाली करने नागरिकों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 11वां वार्षिक आयोजन

# वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग के प्रांगण में 11 वां वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन शनिवार को रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। ध्वजारोहण व शपथ ग्रहण के पश्चात मशाल प्रज्वलित कर खेलोत्सव प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सीए अजय जिंदल, सीए मदनमोहन उपाध्याय, शाला की प्रबंधन समिति की एकेडेमिक डायरेक्टर और प्राचार्या दीप्ति तिवारी, निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा, एकेडेमिक कोऑर्डिनेटर हरबिंदर कौर संधु और







वेदप्रकाश बाजपेयी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 50 व 100 मीटर, गुब्बारा दौड़, बॉल रेस, नींबू दौड़, जिग जैग रेस तथा कक्षा छठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए खो-खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट, 200 मीटर रेस, रीले रेस तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अतिथियों और अधिकारियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वार्षिक प्रतियोगिताएं व अन्य गतिविधियों के आधार पर इनोवेटर हाऊस येलो हाऊस को ट्रॉफी प्रदान की गई ।

मुख्य अतिथि रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा कि छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने अंदर की प्रतिभाओं को उजागर किया है। छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही खेलकूद में भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। शाला के द्वारा छात्रों के लिए स्पोर्ट्स एकेडेमी में क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल , कराटे की कक्षाएं ली जाती हैं। जिनसे कई छात्र शालेय ,राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02

दूरगामी परिवर्तन लाने एमओयू

लाइव इवेंट

## खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता किया वितरित



**भिलाई।** दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर उ.प्र. में 15 से 19 जनवरी तक आयोजित ईस्ट जोन बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता में भाग लेने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की टीम रवाना हुई। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि बास्केटबॉल महिला टीम का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बास्केटबॉल कोट सेक्टर 2 में आयोजित कराया गया। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय द्वारा सभी खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। इस टीम के मैनेजर शासकीय महाविद्यालय पाटन के सहा प्रा चन्द्रशेखर देवांगन और कोच पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी निशा नेताम के मार्गदर्शन में टीम प्रदर्शन करेगी। बास्केटबॉल महिला टीम पिछले सत्र 2024-25 में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता रही। टीम में शामिल महिला खिलाड़ियों में अर्चना निषाद शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, हिना कौसर देव संस्कृति महाविद्यालय खपरी दुर्ग, अंशिका साहू सेठ आरसीएस कॉलेज दुर्ग, हर्षिता प्रसाद कल्याण महाविद्यालय भिलाई नगर, प्रीति साहू शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई, युक्ति वर्मा शासकीय महाविद्यालय दुर्ग , समृद्धि कौर भट्टी शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, हेमा साहू शासकीय कमला देवी महाविद्यालय राजनांदगांव, सुमन शासकीय कमला देवी महाविद्यालय राजनांदगांव, अनिशा शासकीय कमला देवी महाविद्यालय राजनांदगांव, कंचन वर्मा शासकीय कमला देवी महाविद्यालय राजनांदगांव, योगिता यादव शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव रवाना हुए।

लाइव इवेंट

## अनुशासन, टीम और खेल भावना का विद्यार्थियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नर्सिंग महाविद्यालय धनोरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रिंस वर्गीस द्वारा रिबन काटकर किया गया। 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- छत्तीसगढ़ नर्सिंग महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए खाद्य स्टॉल कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे, जहां उपस्थित लोगों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताएं तथा हास्य नाटक का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। समापन समारोह में प्राचार्य प्रिंस वर्गीस ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को शैक्षणिक और विभिन्न गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



### ओपन हाफ मैराथन 8 फरवरी को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा खेल, स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए रविवार, 8 फरवरी ओपन हाफ मैराथन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। देशभर के धावकों और फिटनेस प्रेमियों को मंच भी प्रदान किया जाएगा। हाफ मैराथन में तीन प्रतिस्पर्धात्मक श्रेणियां 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर तथा 5 किलोमीटरनिर्धारित की गई हैं। सभी श्रेणियों में पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हाफ मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। आयोजन के लिए एक समर्पित वेबसाइट शीघ्र ही लॉन्च की जाएगी।

ग्राउंड में उतरी नए जमाने की गृहणियां, प्रतिभा देख तालियों से गूंज उठा रिसाली का दशहरा मैदान

# चूल्हा चौका छोड़ मैदान में महिलाओं ने लगाए चौके-छक्के, आज दिखेगा फाइनल का नजारा

स्टील सिटी में इन दिनों आयोजित हो रहे महिला क्रिकेट की काफी चर्चा है। रिसाली दशहरा मैदान में महिलाएं चौके-छक्के मारती नजर आ रही हैं। महिलाओं का प्रदर्शन देखने शहर भर से लोग पहुंच रहे हैं। लोग इस बात से हैरान हैं कि घर चूल्हा चौका, अन्य जिम्मेदारी को पूरा करते हुए ये नारी शक्ति कैसे प्रैक्टिस का समय निकाल पाई और फिर मैदान में चौके छक्के की बौछार कर रही है।इसी सच्चाई को जानने के लिए हरिभूमि की टीम रिसाली के उस मैदान पहुंची जहां से नारी शक्ति से बनी अलग अलग टीमें एक दूसरे के सामने उतरी हैं। देखने में आया कि महिलाएं केवल शौकिया क्रिकेट खेलने नहीं पहुंची, ब्लकि वो एक बेहतरीन बल्लेबाज की तरह गेंद को अपने बल्ले से बाउंड्रीवाल तक पहुंचा रही हैं।



**भिलाई।** कई ने तो छक्के जड़े तो कई ने चौका लगाकार अपनी टीम का स्कोर जीत की तरफ बढ़ाया। वहां हर चौके-छक्के के साथ तालियों की गूंज सुनाई दे रही थी। वो तालियां महिलाओं को वो जोश दे रही थीं कि अगर नारी कुछ चाह ले तो फिर उसे करके रहती है। ये वो महिलाएं हैं जो दिनभर दूसरों के लिए जीती रहीं, आज कुछ पल खुद के लिए निकाल रही हैं। फिट रहने की चाह, खुश रहने की जिद और खुद को साबित करने का जज्बा। इन सबने मिलकर मैदान में इतिहास रच दिया। दशहरा मैदान सिर्फ खेल का गवाह नहीं बना, बल्कि नारी शक्ति के अद्भुत रूप का साक्षी बना।

### महिलाओं की 7 टीमों के बीच मुकाबला

शक्ति प्रवाह उड़ान एक मंजिल की स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को रिसाली मैदान में किया गया। आयोजन का यह छठवां वर्ष है। शनिवार को शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रिसाली महापौर शशि सिन्हा और पूर्व गृहमत्री ताम्रध्वज साहू मौजूद थे। महिलाओं के लिए आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 7 टीमें भाग ले रही हैं। इसमें प्रतिभाग एलेवट सेक्टर-5, सीजी सेक्टर-2, बालाजी खुर्सीपार, रौनक इलेवन, गोल्डन टीम सेक्टर-10 आदि शामिल हैं।



**फाइनल मुकाबला आज**

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच प्रतिभा इलेवन सेक्टर-5 और सीजी सेक्टर-2 के बीच खेला गया। इसमें प्रतिभा इलेवन ने मैच जीता। प्रतिभा ऐलेवन ने 35 रन बनाए, जवाब में सीजी सेक्टर 2 की टीम मात्र 34 रन में सिमट गई। दोनों का मुकाबिला काफी रोचक रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।



### शुभांगी कृष्णन ने बदली अपनी पहचान

प्रतिभा इलेवन सेक्टर-5 की कप्तान शुभांगी कृष्णन ने बताया कि क्रिकेट के प्रति उनकी रुचि पहले से थी। उनकी शुरुआत किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि फिट रहने के एक छोटे से फैसले से हुई। वे डीपीएस स्कूल में शिक्षिका हैं। शादी के बाद लंबे समय तक उनकी दिनचर्या घर और परिवार की जिम्मेदारियों तक ही सीमित रही। बच्चों की देखभाल, घर का काम और नौकरी के बीच उनका ज्यादातर समय निकल जाता था। इस दौरान खुद के लिए वक्त निकालना आसान नहीं था। फिर उन्होंने अपनी सेहत और फिटनेस को लेकर एक फैसला लिया।





### इरादा मजबूत हो तो समय निकल जाता है

सीजी सेक्टर-2 की कप्तान गायत्री साहू ने बताया कि वे गृहणी है और दो बच्चों की मां हैं। समय घर के काम काज में ही निकल जाता था। फिर फिट रहने क्रिकेट खेलाना शुरू किया। पिछले 6 सालों से घर के काम काज के साथ-साथ अपने लिए समय निकालते हुए क्रिकेट खेलना शुरू की। उन्होंने कहा कि समय निकलता नहीं, निकालना पड़ता है। शादी और जिम्मेदारियों के बाद भी अगर इरादा मजबूत हो, तो अपने शौक और फिटनेस के लिए समय निकाला जा सकता है। शुभांगी कृष्णा की यह यात्रा हर उस महिला को संदेश देती है, जो परिवार के बीच खुद को कहीं पीछे छोड़ देती है। मैदान पर उनका हर शॉट इसी आत्मविश्वास की गवाही देता है।



### छोटी सी सोच बनी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट

बालाजी खुर्सीपार टीम की कप्तान जानकी रेड्डी की कहानी उन महिलाओं के लिए है जो परिवार की जिम्मेदारियों में खुद को भूल जाती हैं। जानकी रेड्डी ने बताया कि वे तीन बच्चों की मां हैं और एक की शादी हो चुकी है। उनके पति कामकाज के सिलसिले में दुबई में रहते हैं। घर, बच्चों की पढ़ाई, उनकी देखभाल और रोजमर्रा की म्मिेदारियां लंबे समय तक उनकी पूरी दुनिया बनी रहीं। ऐसे में अपने लिए वक्त निकालने की बात सोचना भी मुश्किल था।



### सपनों को नहीं मरने दिया

रौनक इलेवन की कप्तान और मरोदा निवासी डालिया ढाले ने बताया कि वो कई सालों से क्रिकेट खेल रही हैं। वे साल 2019 से क्रिकेट खेल रही हैं और मैदान पर अपने खेल के साथ-साथ अपनी सोच के लिए भी पहचानी जाती हैं। उन्होंने बताया कि शादी के बाद अधिकांश महिलाएं घर के कामकाज में उलझ जाती हैं। घर की जिम्मेदारियों के सामने वे अपनी इच्छाओं मार देती हैं। अब समय के साथ महिलाओं की सोच बदल रही है।



### गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड तक पहुंची महिला क्रिकेट की मुहिम

शक्ति प्रवाह उड़ान एक मंजिल संस्था की संस्थापिका और अध्यक्ष अंजू साहू महिलाओं के बीच बदलाव की एक मजबूत आवाज बन चुकी हैं। उनका मानना है कि महिलाओं को घर के कामकाज के साथ-साथ अपनी इच्छाओं के प्रति भी ईमानदार होना चाहिए। अंजू साहू ने बताया कि करीब छह साल पहले, शादी के बाद महिलाओं की स्थिति को करीब से देखने के बाद उन्होंने कुछ करने का फैसला लिया। यहीं से उनके प्रयास की शुरुआत हुई। अंजू साहू ने महिलाओं को एकजुट किया और उनके लिए टीमें बनाईं। इसी पहल के तहत पिछले छह वर्षों से लगातार महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आज सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और पहचान का मंच बन चुकी है। उन्होंने बताया कि इस सामाजिक पहल के लिए उन्हें दो बार गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड सम्मान मिल चुका है।

## आस्था वृद्ध आश्रम में 10 टेबल का किया दान, ताकि वृद्धजन सम्मान से बैठकर करें भोजन

**भिलाई।** समाज में संवेदनशीलता, करुणा और सेवा भाव की अनुपम मिसाल प्रस्तुत करते हुए समाजसेवियों द्वारा आस्था वृद्ध आश्रम, सेक्टर 8 भिलाई में वृद्धजनों के सम्मानजनक भोजन की व्यवस्था कराने के लिए 10 टेबल वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में विश्वनाथ, रश्मि द्विवेदी, उषा शर्मा, जे. वाणी सूर्या, सतविंदर कौर, संतोष कुमार चौबे, गीता माली, संतोष खंडूजा, स्वाति बोस बिलासपुर और हेमा सक्सेना का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बताया कि टेबल सौंपे जाने के अवसर पर वृद्धजनों को स्नेहपूर्वक बिस्किट, नमकीन आदि भी प्रदान किए गए। यह छोटा सा प्रयास उनके चेहरे पर मुस्कान और आत्मसम्मान की अनुभूति लेकर आया। सेवा का यह क्षण भावनात्मक और प्रेरणादायी रहा। इस अवसर पर आर्य समाज के समाजसेवी डॉ. अजय आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने वृद्धजनों के प्रति सम्मान और सेवा को जीवन का अनिवार्य कर्तव्य बताते हुए कहा कि जिस समाज में बुजुर्गों का आदर सुरक्षित रहता है, वही



समाज सच्चे अर्थों में संस्कारी और समृद्ध कहलाता है। वृद्धजन हमारे संस्कार, अनुभव और जीवन मूल्यों की धरोहर हैं, उनकी सेवा ही सच्ची ईश्वर-सेवा है। कार्यक्रम के दौरान सतीश धीवर, आचार्य अंकित शास्त्री, नरेश सिंगरौल सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## छग राजभर महासभा का सम्मेलन आज, अन्य राज्यों से करेंगे शिरकत

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राजभर महासभा द्वारा एक दिवसीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन आज सुबह 8 से शाम 5 बजे तक श्रीराम चौक, सेक्टर-11, जोन-2 खुर्सीपार में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जिनमें भोजपुरी लोकगीत गायक कमलेश राजभर, मुंबई से आये बिरहा गायक रामपत राजभर के साथ गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बाहुबली धर्मेंद्र राजभर अपनी नारियल और अखरोट तोड़ने की कला का प्रदर्शन करेंगे। छग राजभर महासभा के अध्यक्ष नर सिंह राजभर, महासचिव सुरेश राज और कोषाध्यक्ष बीएल राज ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मेलन राजभर समाज की सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने, शैक्षणिक और सामाजिक विकास पर विचार-विमर्श करने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, राजभर सेवा संघ मुंबई के अध्यक्ष दयानंद राजभर, पूर्व अध्यक्ष अनिल राजभर और शिरीष अग्रवाल सिंह, राजगुरु आचार्य शिव प्रसाद सिंह राजभर, पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल, अखिल भारतीय राजभर संगठन के अध्यक्ष भवनाथ राजभर, राजेश राजभर, रामचंद्र राजभर, मुंबई के अखिलेश राजभर, संजय राजभर, सहित समाज के कई गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे।

कान्यकुब्ज सामाजिक चेतनामंच भिलाई-दुर्ग का आयोजन, लिया खिचड़ी और तिल लड्डू का स्वाद

## पारंपरिक गेम्स में पुरुषों ने मारी बाजी, सुहागिनों ने हल्दी-कुमकुम कर बांटी सुहाग सामाग्री

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतनामंच भिलाई-दुर्ग मानव आश्रम सेक्टर 1 में उत्तर भारत का प्रमुख पर्व संक्राति सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज की महिलाओं और पुरुषों के लिए पारंपरिक गेम्स रखे गए थे साथ ही सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी-कुमकुम कर सुहाग सामाग्री बांटी। इस दौरान सभी ने पारंपरिक खिचड़ी और तिल के लड्डु की आनंद लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पं संतोष दीक्षित ने की साथ ही निर्णायक के रुप में शंकराचार्य यूनिवर्सिटी भिलाई की प्रोफेसर डॉ श्रुति तिवारी उपस्थित रही।

### विभिन्न गेम्स में रहे विजेता

कार्यक्रम को दौरान सभी आयु वर्गो के लिए पारंपरिक गेम्स रखे गए थे पुरुष वर्गो में सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम डॉ के के मिश्रा, द्वीतीय पं बी के द्विवेदी, तृतीय पं विजय तिवारी विजेता रहे। महिलाओं की प्रतियोगिता में प्रथम वर्षा शुक्ला, द्वीतीय समीक्षा तिवारी, तृतीय नीना दीक्षित और महिलाओं की तात्कालिक अभिनय प्रतियोगिता में प्रथम शान्ता पाण्डेय, द्वितीय नम्रता दीक्षित, तृतीय श्रुति तिवारी विजेता रही। कार्यक्रम का मंच संचालन ज्योति तिवारी और रमा अग्निहोत्री ने किया।



### प्रतिभावान हुए सम्मानित

इस अवसर पर आनलाइन आयोजित प्रतियोगिताओ के पुरस्कार भी दिए गए। जिसमें करवाचौथ क्वीन नीना दीक्षित, बेस्ट वेशभूषा वर्षा शुक्ला, फोटोजनिक फ्रेस रोशी अवस्थी, रंगोली में प्रथम रोशी अवस्थी, द्वितीय गीता शुक्ला, तृतीय अनु श्रुति तिवारी को पुरस्कृत किया गया।

हाउजी कार्यक्रम प्रभारी ममता अवस्थी और ज्योति तिवारी द्वारा विभिन्न खेल खिलाया गया। इस अवसर पर वंदना पाण्डेय, रत्नमाला और अराधना तिवारी को पीएचडी पूर्ण करने पर समाज के द्वारा सम्मानित किया गया। महिलाओं को हल्दी-कुमकुम कर सुहाग की सामग्री वितरित की गई।

### पदाधिकारियों ने दी एक-दूसरे को बधाई

कार्यक्रम में महासचिव रविन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला, सतीश शुक्ला, राकेश शुक्ला, राजेश मिश्रा, श्रवण शुक्ला, अतुल अवस्थी, विजय तिवारी, बी के द्विवेदी सहित समाज के अन्य सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी के साथ खिचड़ी और तिल के लड्डुओ का आनंद लेते हुए एक-दूसरे को पर्व की बधाईयां दी।



## सिटी इवेंट

# सामाजिक सेवा का संदेश, 25 लोगों ने की देहदान की घोषणा



**दुर्ग।** बुद्धीस्ट प्रचारक विंग के तत्वावधान और नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से बौद्ध समाज के 25 सदस्यों ने देहदान की घोषणा की। इस अवसर पर सविता बौद्ध, जयश्री बौद्ध, सुलोचना बौद्ध, सुनीता बौद्ध, वंदना बौद्ध, ज्योति बौद्ध सहित कुल 25 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम दुर्ग जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित किया गया, जहां सभी देहदानियों ने अपनी देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों को सौंपी। इस अवसर पर सभी देहदानियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।उनके इस साहसिक और समाजहित में लिए गए निर्णय की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आशीष कुमार मिन्ज, ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, डॉ. संगीता भाटिया, डॉ. अखिलेश यादव, नेत्र सहायक अधिकारी अजय नायक, नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रमोद बाघ, हरमन दुलई, रितेश जैन, राजेश पारख, प्रभु दयाल उजाला सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सविता बौद्ध ने कहा कि बौद्ध समाज सदैव सामाजिक कल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है। आज बड़ी संख्या में देहदान का संकल्प लेकर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. आशीष कुमार मिन्ज व पूर्व सिविल सर्जन डॉ. जेपी मेश्राम ने देहदानियों के निर्णय की सराहना की।

## समाज लाइव

# केंद्रीय यांत्रिक संगठन के संविदा व बीएसपी कर्मियों का हुआ सम्मान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा वार्षिक सुरक्षा कार्यक्रम हुआ। आयोजन मुख्य अतिथि कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता थे। अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने की। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहेरा और मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार उपस्थित थे।। यांत्रिकी संगठन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 98 संविदा कर्मियों तथा 17 बीएसपी कर्मियों को सम्मानित किया गया। संविदा कर्मियों को कोक ओवन के कोल टावर-6, ब्लास्ट फर्नेस 8 के एक्सियल साइक्लोन, ओएचपी, आरएमपी-3, बीआरएम, रूफ शीटिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मरम्मत कार्यों को सुरक्षित रूप से संपन्न करने के लिए पुरस्कृत किया गया। श्री दासगुप्ता ने संयंत्र में निर्धारित सुरक्षा मानकों के और अधिक कड़ाई से अनुपालन पर बल दिया। सीजीएम देवदत्त सत्पथी ने वित्तीय वर्ष में शून्य दुर्घटना के साथ कार्य संपन्न करने की उपलब्धि पर बधाई दी।इस अवसर पर टी कृष्णकुमार, सीजीएम जेपी. सिंह, हरीश सचदेव, जीएम बीडी बाबू, महाप्रबंधक राकेश पांडे, आशीष घोष, पी. जॉन वर्गीस,ज्ञानेश त्रिपाठी, बीएन झा, महाप्रबंधक सुनील कुमार, महाप्रबंधक प्रभाकर खोब्रागडे,नबर्शी राय आदि अधिकारी उपस्थित थे। संचालन उप महाप्रबंधक अनिल कुमार चौरे तथा सहायक महाप्रबंधक नीलाधर द्वारा किया गया।

## वरिष्ठों का विधायक ने किया सम्मान




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सियान सेवा समिति रिसाली द्वारा वार्षिक आमसभा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। कार्यक्रम में संघ के सबसे वरिष्ठ सदस्य गिरवर आडिल, बिसंभर लाल साहू, दशरथ वर्मा, भागीरथी वर्मा, मंहत राम साहू का सम्मान किया गया। नवनिर्मित सियान सामुदायिक भवन रिसाली में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और हमें उनकी सेवा करने का अवसर मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। वरिष्ठ जानों से जीवन का अनुभव लेना चाहिए। उनके बताए अनुभव को आत्मसात कर हम आगे बढ़ सकते हैं। इस दौरान विधायक ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। समारोह में केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, सीमा साहू, सियान संघ अध्यक्ष चंदू लाल मरकाम, गैंद लाल वर्मा, डीके कश्यप, विष्णु देशमुख सहित बड़ी संख्या में सियान संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** जिला साहू संघ दुर्ग के संयोजन में प्रथम बार दुर्ग संभाग स्तरीय



साहू सम्मेलन एवं स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह 18 जनवरी, दिन रविवार को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम रविशंकर स्टेडियम, मानस भवन दुर्ग में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, ध्वजारोहण एवं आरती पूजन, अतिथियों का मंचासीन अतिथियों का स्वागत, स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान, अतिथियों का उद्बोधन माता कर्मा की महाआरती होगी। इस कार्यक्रम में पूरे दुर्ग संभाग के सभी 8 जिलों से जिला, तहसील, परिक्षेत्र के पदाधिकारी एवं सामाजिक जन शामिल होंगेकार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह,अध्यक्ष, विधानसभा होंगे। प्रमुख अतिथिगण तोखन साहू केंद्रीय राज्यमंत्री, अरुण साव उप-मुख्यमंत्री, विजय बघेल सांसद लोकसभा दुर्ग, गजेन्द्र यादव मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता डॉ. नीरेंद्र साहू अध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश साहू संघ करेंगे। अति विशिष्ट अतिथिगण ताम्रध्वज साहू पूर्व गृह मंत्री, रमशीला साहू, जागेश्वर साहू , डॉ. सियाराम साहू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक, विशिष्ट अतिथिगण दलेश्वर साहू विधायक, डोंगरगांव, दीपेश साहू विधायक, बेमेतरा अशोक साहू पूर्व विधायक, डॉ. दयाराम साहू, खेदू राम साहू, प्रीतम साहू, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष, हस्त शिल्प विकास बोर्ड, राजेन्द्र साहू , भोला राम साहू, ईश्वर साहू विधायक, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक, अलका बाघमार महापौर,छन्नी साहू, वीरेंद्र साहू , कुमारी मदन साहू, जितेन्द्र साहू अध्यक्ष, तेलघानी बोर्ड आदि शामिल होंगे।

## कला वीथिका फेस्टिव एग्जीबिशन में दिखी अनेकता में एकता

# कला और उद्यमिता का दिखा अद्भुत संगम, पारंपरिक व्यंजनों और फास्ट फूड के स्मोकी फ्लेवर की खुशबू ने किया आकर्षित

**भिलाई।** लिट्टी-चोखा, बड़ा, तिल्ली लड्डू, मुर्रा लड्डू, चिक्की, चिवड़ा, मकर संक्रांति हैंपर, मोमोज, गुपचुप, भेल, सैंडविच, स्वीट कॉर्न चाट, कुरकुरे चाट, नाचोस, फ्रेंच फ्राइज सहित अनेक पारंपरिक व्यंजनों और फास्ट फूड के स्मोकी फ्लेवर की खुशबू ने लोगों की अपनी ओर खींचा और सबकी भूख तो बढ़ाई ही जिससे आयोजन स्थल ललीज खाने की खुशबू से महक उठा। साथ ही वॉल हैंगिंग, घरेलू उपयोग की विविध वस्तुएं, क्रोशिया से बने कवर की जमकर खरीददारी हुई। अवसर था हुडको स्थित स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में आयोजित कला वीथिका फेस्टिव एग्जीबिशन का। जहां विद्यार्थियों ने अपनी क्रिएटीविटी से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, उद्यमशीलता एवं मानसिक स्फूर्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग आईक्यूएसी, उद्यमिता सेल के संयुक्त तत्वावधान में कला वीथिका फेस्टिव एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के द्वारा विद्यार्थियों को मार्केटिंग एवं प्रबंधन का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने और उन्हें व्यावहारिक स्तर पर आने वाली चुनौतियों से रूबरू कराने के लिए किया गया था। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पारंपरिक लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया और विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का आनंद लेकर मेहंदी लगवाई। महाविद्यालय की शर्मिला सामल कार्यक्रम के संदर्भ में कहा कि कला वीथिका विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकलकर व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में सामूहिक कार्य संस्कृति, योजना निर्माण और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण गुण विकसित होते हैं, जो उन्हें भविष्य में एक सक्षम प्रबंधक एवं उद्यमी बनने की दिशा में अग्रसर करते हैं। श्री गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी की एजुकेटिव मेंबर सविता मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।





### स्टॉल्स में उमड़ी भीड़

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मकर संक्रांति हैंपर, मोमोज, चाइनीज पकोड़ा, गुपचुप, भेल, सैंडविच, वाइट पास्ता, स्वीट कॉर्न चाट, कुरकुरे चाट, नाचोस , फ्रेंच फ्राइज सहित अनेक पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों की खुशबू ने लोगों की भूख तो बढ़ाई साथ ही महाविद्यालय प्रांगण को खाने की खुशबू से महका दिया। इसके साथ ही हस्तनिर्मित और कलात्मक वस्तुओं की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिनमें सजावटी वॉल हैंगिंग, घरेलू उपयोग की विविध वस्तुएं, चूड़ियां, बक्कल, पोनीटेल बो, झुमके, भगवान के वस्त्र, स्वेटर, क्रोशिया की-रिंग, फ्रिज मैग्नेट, हेयर क्लिप आदि प्रमुख आकर्षण रहे।

### गेम्स में जीते पुरस्कार

कार्यक्रम के दौरान विविध मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आकर्षक पुरस्कार जीते। साथ ही दान के लिए मिक्स दाल-चावल पैकेट जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े स्टॉल भी लगाए गए। मकर संक्रांति और पोंगल त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। अतिथियों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने न केवल व्यंजनों का आनंद लिया बल्कि घर के लिए वस्तुओं की खरीदारी भी की। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।



### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. शिवानी शर्मा, खुशबू पाठक विभागाध्यक्ष प्रबंधन, अमरजीत सिंह, विजय मिश्रा, तिलक साहू, इंद्राणी दास का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विशेष रूप से मंजू बोरा, बानी सोनी, नीति बल्लेवार, सोनाली चक्रवर्ती, रत्ना नारमदेव, नताशा दुआ, स्नेहा मित्तल, संगीता राजगढ़, प्रीति अजय बेहरा, प्रीति मिश्रा, सीजू एंथोनी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने कला वीथिका फेस्टिव एग्जीबिशन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता, सृजनात्मक सोच एवं व्यावहारिक ज्ञान के लिए उपयोगी बताया और ऐसे रचनात्मक आयोजनों को आगे भी करने की बातें कही।

### विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को मिला मंच

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कला वीथिका फेस्टिव एग्जीबिशन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपे उद्यमी को जागृत करने का मंच है। यह आयोजन उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व, नवाचार और जोखिम उठाने की क्षमता सिखाता है। यहां प्राप्त अनुभव उनके भविष्य की नींव बनेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर, सृजनशील एवं सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता का विकास

मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित कला वीथिका फेस्टिव एग्जीबिशन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता का विकास होता है। आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ कौशल, नवाचार और व्यावहारिक अनुभव अत्यंत आवश्यक है, और यह आयोजन उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। विद्यार्थियों द्वारा स्वयं निर्मित वस्तुएं और व्यंजन उनकी मेहनत, कल्पनाशीलता और प्रबंधन क्षमता को दर्शाते हैं।

## दूरगामी परिवर्तन लाने एमओयू

# केंद्रीय भारत के विद्यार्थियों के लिए खुले नए करियर के द्वार

**भिलाई।** केंद्रीय भारत में उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज रायपुर तथा भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के मध्य हस्ताक्षरित समझौता हुआ। यह एमओयू शिक्षा जगत में दूरगामी परिवर्तन लाने वाला कदम माना जा रहा है।

छत्तीसगढ़ का यह पहला कॉलेज है जिसे आईसीएआई के साथ यह अकादमिक और व्यावसायिक सहयोग प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि गंगाजली एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा के दूरदर्शी नेतृत्व तथा सोसायटी के सचिव निशांत त्रिपाठी की शैक्षणिक प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। इस अवसर पर एसएसआईपीएस रायपुर के एडवाइज़र गुरिंदर पाल सिंह ने कहा कि यह साझेदारी अकादमिक ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता के बीच की दूरी को कम करते हुए



वाणिज्य, प्रबंधन एवं संबद्ध विषयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की पेशेवर तैयारी प्रदान करेगी।

आईसीएआई जैसे प्रतिष्ठित वैधानिक संस्थान से जुड़ाव एसएसआईपीएस रायपुर की शैक्षणिक साख को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा पाठ्यक्रम समन्वय, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, विशेषज्ञ व्याख्यान और व्यवहारिक शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक पेशेवर वातावरण से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।संस्थान के प्राचार्य डॉ. मनोज शर्मा के अनुसार यह समझौता न केवल वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए, बल्कि आने वाले वर्षों में एसएसआईपीएस रायपुर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए भी नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। स्नातक स्तर पर ही विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी, वित्त, ऑडिट, कराधान, कॉरपोरेट सलाह एवं कंसल्टिंग जैसे करियर विकल्पों की स्पष्ट दिशा मिलेगी। आईसीएआई के सेमिनार, वेबिनार, अध्ययन सामग्री, मेंटरशिप एवं करियर गाइडेंस तक सीधी पहुँच से विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा वे कॉरपोरेट जगत, सीए फर्म, बैंक, एनबीएफसी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में सशक्त प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

## 100 से अधिक जानवरों को लगे इंजेक्शन

# भिलाई में 26वें डॉग शो का आयोजन आज, दिखाएंगे अपना टैलेंट



**भिलाई।** डॉग के सही पालन-पोषण, अनुशासन, प्रशिक्षण और सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन द्वारा डॉग शो 18 जनवरी को सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 ग्राउंड भिलाई आयोजित है। इस वर्ष 150 से अधिक डॉग छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र और ओडिशा से पहुंचेंगे। इनके बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर पुरस्कार वितरण किया जाएगा। शो को जज करने के लिए चंडीगढ़ से महिला जज जीना निक्स मान विशेष रूप से आमंत्रित की गई हैं। छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स ऐसोसियेशन के संस्थापक डॉ. सुशोवन रॉय ने बताया कि शनिवार को कुत्तों और बिल्लियों के लिए निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर लगाकर 110 से अधिक पालतू जानवरों का फ्री टीकाकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स ऐसोसियेशन के 26वें वर्ष के आयोजन में परम्परागत नस्लों के डॉग के अलावा इस बार कई नई और दुर्लभ नस्लों के कुत्ते देखने को मिलेंगे, जिनमें फॉक्स टेरियर, डोगो अर्जेंटीनो, व्हिपिट, कैन कोरसो और पूडल्स प्रमुख हैं। इसके साथ ही देसी और भारतीय नस्ल के कुत्तों को भी मंच मिलेगा, जो इस आयोजन को और खास बनाएगा।

कार्यक्रम में प्रशिक्षित कुत्तों का विशेष प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहां वे अनुशासन, आज्ञाकारिता और सुरक्षा से जुड़े करतब प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा डॉग ट्रेनिंग शो भी आयोजित होगा, जिसमें कुत्तों के व्यवहार और सुरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। शो स्थल पर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां कुत्तों के स्वास्थ्य से जुड़ी दवाइयों, आहार और उत्पादों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही डॉग ब्यूटी पार्लर के स्टॉल भी होंगे, जहां अनुभवी विशेषज्ञ कुत्तों की ग्रूमिंग करेंगे और उनकी सुंदरता बढ़ाने के टिप्स साझा करेंगे।

## श्रमिकों को सुरक्षित कार्य प्रणालियों की दी जानकारी

# सुरक्षित कार्य के प्रति किया जा रहा जागरूक, काम के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में दी जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन और कोल केमिकल्स विभाग में विभाग के मुख्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष तुलाराम बेहरा द्वारा सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ठेका श्रमिकों को सुरक्षित कार्य प्रणालियों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने पर केन्द्रित है। उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तुलाराम बेहरा ने कहा कि सुरक्षा संगठन की मूल भावना है, जिसे प्रत्येक कर्मी को अपने कार्य व्यवहार में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा नियमों के निरंतर अनुपालन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के समुचित उपयोग तथा संचालन के दौरान सतर्कता को दुर्घटनाओं की रोकथाम और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अनिवार्य बताया।



### जागरूकता संदेशों का किया प्रसारण



कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा जागरूकता संदेशों का भी प्रसारण किया गया, जिसमें मानक परिचालन प्रक्रियाओं के पालन, उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा कार्यस्थल पर उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति न केवल कार्यस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि परिचालन उत्कृष्टता, उत्पादकता और कर्मचारियों के समग्र कल्याण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कोक ओवन और कोल केमिकल्स विभाग में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें इंटरएक्टिव सुरक्षा जागरूकता सत्र, सुरक्षा शपथ, कर्मचारी व ठेका श्रमिक सहभागिता कार्यक्रम तथा सुरक्षा विषयक प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जोखिम पहचान, दुर्घटना निवारण और आपातकालीन तैयारी से संबंधित प्रदर्शन व ज्ञानवर्धक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर कोक ओवन और कोल केमिकल्स विभाग के उप महाप्रबंधक एसएस मेश्राम, सहायक महाप्रबंधक विवेक त्रिपाठी, सहायक महाप्रबंधक अशोक कुमार नायक, सहायक प्रबंधक लोकेश कुमार चंद्रा, सहायक प्रबंधक बिपिन कुमार बंछोर, सहायक प्रबंधक मनोज कुमार ताम्रकार तथा कनिष्ठ प्रबंधक कोमल राम फनफारे सहित कोक ओवन और कोल केमिकल्स विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व ठेका श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में छत्तीसगढ़ को बढ़त साईं और शौर्य की शानदार पारी

**रायपुर।** सेन्ट्रल जोन द्वारा राजसिंह डुंगरपुर



अंडर 14 ट्राफी 2025 का आयोजन 15 जनवरी से जारी है। जिसमें सेन्ट्रल जोन की छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेष, मध्य प्रदेष तथा विदर्भ की 6 टीमें हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ का पहला मैच (15-16 जनवरी) को राजस्थान के विरुद्ध इंदौर में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 57 ओवरों में 10 विकेट खोकर 213 रन बनाये। राजस्थान की ओर से उत्सव शर्मा ने 47 रन तथा अभिमन्यु चौधरी ने नाबाद 36 रन बनाए।

छत्तीसगढ़ की ओर से हर्ष साहु ने 4 विकेट तथा गर्व सचदेव ने 2 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 75.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 245 रन बनाये। छत्तीसगढ़ के लिये साईं आदित्य ने सर्वाधिक ने 102 रन तथा शौर्य जायसवाल ने 76 रन बनाये। वहीं राजस्थान की ओर से गौरव पुनिया ने 8 विकेट प्राप्त किए। मैच की समाप्ति तक राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में 18 ओवरों में 1 विकेट खोकर 101 रन बनाए। राजस्थान की ओर से आदित्य यादव ने नाबाद 59 रन बनाये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। छत्तीसगढ़ ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

### काइडोस जूनियर प्रो लीगअंडर-15 फुटबॉल लीग मुकाबले आज से

**रायपुर।** ब्रह्मविद स्पोर्ट्स सेंटर द्वारा आयोजित



काइडोस जूनियर प्रो लीग अंडर-15 फुटबॉल लीग का आयोजन रविवार 18 जनवरी से ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल, रायपुर में किया जा रहा है। इस लीग का उद्देश्य जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देना और युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना है। इस लीग में कुल 8 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट लीग फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक मैच से प्राप्त अंकों के आधार पर अंक तालिका तैयार की जाएगी। लीग के अंत में अंक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। प्रतिभागी टीमों में ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी, ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी रेड,रामा एफसी,रियल रायपुर, एलीट एफसी,यूनाइटेड रायपुर,एमर्स एफसी और एलिट एफसी ब्लू शामिल है। काइडोस जूनियर प्रो लीग का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों में अनुशासन, टीम भावना, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता को विकसित करना है। क्षेत्र की प्रतिभाशाली टीमों की भागीदारी से दर्शकों को रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### सीएससीएस में जारी है रोमांचक मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में अंतिम राउंड के पहले दिन शानदार मुकाबले हुए। साइंस कॉलेज राजनंदगांव में टीम रायपुर विरुद्ध कांकेर के मैच में बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में तीन विकेट पर 369 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम राजनांदगांव विरुद्ध रायपुर ब्लू के मैच में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी 191 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने पहली पारी एक विकेट पर 101 रन बनाए। धमतरी में टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी में 182 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने पहली पारी में एक विकेट पर 62 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम दुर्ग विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग ने पहली पारी 9 विकेट पर 261 रन बनाए।

### रावण भाटा में क्रिकेट का महामुकाबला आज



**रायपुर।** यंग इलेवन तथा अर्थव स्ट्राइक के बीच क्रिकेट का फाइनल मुकाबला दशहरा मैदान रावण भाठा में सुबह 8:00 बजे से खेला होगा। पारितोषिक वितरण सुबह 10:00 बजे दशहरा मैदान में किया जाएगा। स्वर्गीय सूखित राम साहू की स्मृति में आयोजित इस मैच में राज्य भर से अनेक प्रतिभागी शामिल हुए। पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे।


### ब्लड शुगर कंट्रोल में न रहने के लिए कारण जरूर जानिए

# आपके खून में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित रहे तो बचेंगे कई जटिलताओं से, मुस्कुराते हुए बीतेंगे आपके दिन

ब्लड शुगर को नियंत्रित करके मधुमेह जटिलताओं, जैसे किडनी रोग, तंत्रिकाओं की क्षति, दृष्टि से संबंधित समस्याओं, स्ट्रोक और हृदय रोगों से बचा जा सकता है। जिन लोगों के ब्लड शुगर का स्तर अक्सर अनियंत्रित रहता है, उनमें थकान-कमजोरी और नींद की समस्याओं का होना काफी सामान्य है।

ब्लड शुगर का स्थिर न रहना कई प्रकार की दिक्कतों का कारण बन सकता है। क्या बार-बार आपका भी शुगर लेवल कम या ज्यादा हो रहा है? समय रहते इसके कारणों का सही निदान और इलाज जरूर करा लें। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर को नियंत्रित करके मधुमेह जटिलताओं, जैसे किडनी रोग, तंत्रिकाओं की क्षति, दृष्टि से संबंधित समस्याओं, स्ट्रोक और हृदय रोगों से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ हो और आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि जिन लोगों के ब्लड शुगर का स्तर अक्सर अनियंत्रित रहता है, उनमें थकान-कमजोरी और नींद की समस्याओं का होना काफी सामान्य है। टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों को ब्लड शुगर स्पाइक के कारणों के बारे में जानना और इससे बचाव के उपाय करते रहना जरूरी है।



आइए जानते हैं किन वजहों से ब्लड शुगर लेवल बार-बार कम या ज्यादा होता रहता है और इसे कंट्रोल करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

#### कहीं आप ज्यादा देर तक डिहाइड्रेटेड तो नहीं रहते?

डिहाइड्रेशन, यानी शरीर में पानी की कमी के कारण ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि शरीर में तरल पदार्थों की मात्रा कम होने से हाइपरग्लेसेमिया हो सकता है। रक्त शर्करा बढ़ने पर आपको अधिक पेशाब आ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप निर्जलीकरण और भी बढ़ने का जोखिम रहता है। मधुमेह वाले लोगों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहने के लिए पूरे दिन खूब सारा पानी या अन्य कैलोरी-फ्री पेय पीते रहना चाहिए।

#### नींद न पूरी होना भी समस्याकारक



अगर आपकी रात में नींद पूरी नहीं हो रही है तो इससे न सिर्फ अगले दिन आपको मूड और ऊर्जा से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं, साथ ही यह आपमें ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव का कारण बन सकता है। साल 2015 में प्रकाशित एक समीक्षा के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि नींद की कमी टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों में ग्लूकोज नियंत्रण और इंसुलिन संवेदनशीलता में बाधा उत्पन्न कर सकती है।

#### मासिक धर्म चक्र के कारण भी हो सकती है ये दिक्कत

मासिक धर्म के दौरान पेट में दर्द, सूजन जैसी दिक्कतें होना काफी सामान्य है, पर क्या आप जानते हैं कि यह



ब्लड शुगर में स्पाइक का भी कारण बन सकता है? सीडीसी के अनुसार, प्रीमेंस्ट्रुअल फेज के दौरान हार्मोन में परिवर्तन के कारण ब्लड शुगर ज्यादा या कम होता रह सकता है। मधुमेह वाली कुछ महिलाएं पीरियड्स के दौरान इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाती हैं। इन दिनों आहार और जीवनशैली को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।

#### ब्लड शुगर को कैसे करें कंट्रोल?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ सामान्य से उपायों का पालन करके आप ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रख सकते हैं। नियमित व्यायाम, रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद करता है।तनाव को प्रबंधित करने से भी ब्लड शुगर स्पाइक्स से बचने में मदद मिल सकती है।आहार में कार्बोहाइड्रेट, जंक-फास्ट फूड्स की मात्रा को कम करें।शुगर की दवाइयों का नियमित रूप से डॉक्टरी सलाह पर सेवन करते रहें।

## जानिए, फूली हुई ज्वार की रोटी बनाने के ट्रिक्स



ठंड के इस मौसम में ज्वार की रोटी बहुत अच्छी लगती है, लेकिन तब जब रोटी सॉफ्ट और फूली हुई बनी हो। मगर हर कोई ज्वार की रोटी परफेक्ट नहीं बना पाता, ऐसे में ये टिप्स आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

#### ताजा इस्तेमाल करें ज्वार का आटा

जब भी आप ज्वार की रोटी बनाएं, तो इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि आटा बिल्कुल ताजा और बारीक हो। ऐसा इसलिए क्योंकि रखे हुए आटे की रोटी बनने के थोड़ी देर बाद ही सख्त हो जाती है। अगर आप 15-20 दिन पुराना आटा इस्तेमाल कर रहे हैं, तो कोशिश करें कि न करें। वहीं, अगर आप कर रहे हैं तो हल्की आंच पर आटे को भून लें। इससे रोटी और स्वादिष्ट बनेगी। साथ ही, यह भी देखें कि आटा बारीक पीसा हुआ हो, क्योंकि मोटे आटे की रोटी टूट जाती है और कुछ देर बाद सख्त भी हो जाती है।

#### मसलते हुए तैयार करें ज्वार का आटा

फूली हुई रोटी बनाने के लिए आटा सही तरह से गूंथना बहुत जरूरी है। वहीं, अगर आप सिर्फ आटे को गूंथकर रखेंगी, तो ज्वार की रोटी कभी भी अच्छी नहीं बनेगी। इसलिए जरूरी है एक बार आटा गूंथने के बाद दो से तीन मिनट तक मसलते हुए आटे को सॉफ्ट कर लें। जब आपका आटा सॉफ्ट हो जाएगा तो आपकी रोटी भी नरम और फूली-फूली हुई बनेंगी। साथ ही, आटा गूंथते वक्त गुनगुने पानी का इस्तेमालकरें। गुनगुने पानी से आटा लगाने से आपकी रोटी भी काफी अच्छी बनती है।

#### कैसे बेलें परफेक्ट ज्वार की रोटियां

आटा गूंथने के बाद कुछ देर रखें और फिर रोटी बनाने के लिए इस्तेमाल करें। साथ ही, आटे की लोइयां बनाने से पहले आटे को एक बार फिर से गूंथ लें। फिर से आटा मथ लेने के बाद ही लोई बनाएं। ऐसा करने से आटा लचीला हो जाएगा और बोलना भी आसान हो जाएगा। साथ ही, रोटियां बेलते समय हाथों में थोड़ा-सा तेल या घी लगाएं और आटे को फिर से पानी से थोड़ा चिकना करें। इससे रोटियों को दबाते या चपटा करते समय आपके हाथों से चिपकती नहीं है।

#### ज्वार की रोटी हल्की आंच पर सेंके

रोटी बनाने से पहले तवा अच्छी तरह गर्म कर लें। जब तवा गर्म हो जाए, तो फिर रोटी को तवे पर रखें और हल्की आंच कर दें। इससे रोटी अचछी तरह से सिक जाएगी, लेकिन अगर गैस का फ्लेम बहुत कम होगा, तो रोटी को सिकने में काफी समय लगेगा और वह सख्त हो जाएगी। वहीं, गैस का तेज फ्लेम होने पर ज्वार की रोटी अंदर से अच्छी तरह नहीं सिक पाएगी और ज्यादा देर तक सेंकने पर जल भी जाएगी। ऐसे में बेहतर होगा कि आप ज्वार की रोटी बनाते वक्त मीडियम फ्लेम रखें।

## दूध से जुड़े इन मिथकों को कहीं आप भी तो नहीं मानते हैं सच



दूध को लेकर हमारे समाज में कई तरह के मिथक हैं, बहुत से लोग इन मिथकों को मानकर या तो इसका गलत सेवन कर रहे हैं या पूरी तरह से छोड़ दिए हैं। इनके बारे में आपको जानना जरूरी है।

सबसे बड़ा भ्रम यह है कि दूध एक 'संपूर्ण भोजन' है। डॉक्टर शालिनी के अनुसार यह पूरी तरह सच नहीं है। हालांकि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन B12 प्रचुर मात्रा में होता है, लेकिन इसमें आयरन, फाइबर और विटामिन-सी जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी होती है। इसलिए संतुलित भोजन को छोड़कर केवल दूध पर निर्भर रहना शरीर में पोषण संबंधी कमी पैदा कर सकता है। दूध आहार का एक हिस्सा हो सकता है, लेकिन यह संपूर्ण भोजन का विकल्प नहीं है। डायबिटीज के मरीजों में यह डर रहता है कि दूध पीने से 'शुगर स्पाइक' होगा। हकीकत यह है कि दूध में मौजूद प्रोटीन और हेल्दी फैट्स की अच्छी मात्रा शुगर के अवशोषण को धीमा कर देती है, जिससे अचानक शुगर नहीं बढ़ती। समस्या तब होती है जब लोग मिलावटी या अत्यधिक हाई फैट वाला दूध पीते हैं। अगर दूध शुद्ध है और फैट संतुलित है, तो यह शुगर के लिए सुरक्षित है। अक्सर माना जाता है कि दूध हमेशा हल्दी और काली मिर्च के साथ ही पीना चाहिए। डॉक्टर इसे एक बड़ा मिथक बताती हैं। उनके अनुसार, हल्दी वाला दूध केवल तभी फायदेमंद है जब शरीर में सूजन हो या किसी विशेषज्ञ ने इसकी सलाह दी हो। बिना कारण रोजाना औषधीय मसालों का अधिक सेवन हर किसी के लिए जरूरी या सही नहीं होता है। यह समझना जरूरी है कि दूध अपने आप में डायबिटीज या सूजन नहीं बढ़ाता।



## राष्ट्रीय स्कूली खेल गतका में दिल्ली के खिलाड़ियों का जलवा

**रायपुर।** सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल के हॉल में चल रही 69वीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता (17 वर्ष आयु वर्ग) में शनिवार को खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह और कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दिन भर चले रोमांचक मुकाबलों के बाद दिल्ली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। फाइनल का रोमांच प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिल्ली और पंजाब के बीच खेला गया। दोनों ही टीमें पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही थीं। फाइनल में दिल्ली के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन करते हुए पंजाब को 28-17 के स्कोर से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में चंडीगढ़ ने उत्तर प्रदेश को कड़े संघर्ष में 28-24 से हराकर कांस्य पदक पक्का किया। सफल संचालन और अधिकारी प्रतियोगिता का सफल संचालन निर्णायन अधिकारी एवं संयोजक मृत्युंजय शर्मा की देखरेख में हुआ। स्कोरिंग की जिम्मेदारी अमित मिश्रा और भूपेंद्र पांडे ने निभाई, जबकि टाइम कीपर दिनेश वर्गीस रहे। रेफरी की भूमिका में पंजाब से ध्यान सिंह, हरमीत सिंह, अवतार सिंह और साउथ से राहुल रेड्डी समेत तरुण सेन और महेश बरेट ने अपने निर्णय दिए।

- टीम और व्यक्तिगत दोनों खिताबों पर जमाया कब्जा



सहायक जिला खेल अधिकारी श्रीमती छाया प्रकाश राव ने बताया कि 18 जनवरी रविवार को प्रथम पाली की स्पर्धाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की स्पर्धाएं दोपहर 3 बजे से इंडोर हाल व आउटडोर मे प्रारम्भ होंगी।

पहले राउंड में छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश से हराया। व्यक्तिगत स्पर्धा में भी दिल्ली अव्वल टीम इवेंट के साथ-साथ व्यक्तिगत मुकाबलों में भी दिल्ली का ही बोलबाला रहा। फाइनलः दिल्ली के देवांश और पंजाब के गुरबाज के बीच खिताबी भिड़ंत हुई, जिसमें देवांश ने जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले सेमीफाइनल में गुरबाज (पंजाब) ने मनवीर सिंह (चंडीगढ़) को हराया था, जबकि देवांश (दिल्ली) ने अमरीश (यूपी) को मात दी थी। चंडीगढ़ के मनवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश के अमरीश को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेजबान छत्तीसगढ़ ने टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की। पहले राउंड में छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को 20-18 के करीबी अंतर से हराया। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में उन्हें चंडीगढ़ के हाथों 13-19 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के मुख्य परिणाम में सेमीफाइनल में पंजाब ने चंडीगढ़ को (35-14) हराया। सेमीफाइनल में दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को (32-14) हराया। क्वार्टर फाइनल के बड़े उलटफेर हुए। पंजाब ने आंध्र प्रदेश को 48-12 के विशाल अंतर से हराया, जबकि आंध्र प्रदेश ने पहले राउंड में तेलंगाना को 29-00 से क्लीन स्वीप किया था।



कार्नर न्यूज

### नागपुर में 19 जनवरी से होंगे मैच

# नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट के मुकाबले में उतरने छत्तीसगढ़ दोनों वर्ग की टीम तैयार

**भिलाई।** महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की ओर से 36वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 19 जनवरी से 22 जनवरी तक नागपुर में आयोजित है। भारतीय टेनिस बॉल महा संघ के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की पुरुष एवं महिला टेनिस बॉल क्रिकेट टीम भी भाग लेगी। छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट पुरुष टीम के खिलाड़ियों में कप्तान संदीप वर्मा, निलेश बेग, हेमंत, प्रभात निगम, अमित हरपाल, राहुल सोनकर, आमिर हुसैन, संतोष चौहान, परितोष राव, अभिषेक सिंह, यशस्वी सिन्हा, संस्कार यादव, सिराजी और रोशन यादव हैं। टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद एवं प्रबंधक सूरज साव हैं। छत्तीसगढ़ महिला टीम की खिलाड़ियों में कप्तान जे सुधा कुमारी, मोनिका कुमारी, दीप्ति कुमारी, भूमिका कुमारी, सपना कुमारी, शिखा कुमारी, भूमिता कुमारी, अमीषा कुमारी, गायत्री साहू, कुमारी पूनम बंजारे, कुमारी देवकी, कुमारी जागृति और कुमारी ममता शामिल हैं। इस टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद एवं प्रबंधक गायत्री वर्मा है। इन दोनों ही टीमों के मुख्य प्रबंधक संतोष प्रसाद हैं। इन समस्त खिलाड़ियों



एवं ऑफिशल्स को दुर्ग जिला सांसद एवं दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विजय बघेल, दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के महासचिव बशीर अहमद खान, बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब एवं इस्पात क्लब सेक्टर-1 के सचिव वंश बहादुर सिंह, चयनकर्ता राधेश्याम, जय प्रकाश आर्य, संतोष प्रसाद, ई लक्ष्मी, कुदरत दास एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान ने शुभकामनाएं दी है।

#### महिला क्रिकेट की तैयारी, बनेगी बीसीए की टीम

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार आगामी दिनों में महिलाओं हेतु क्रिकेट मैच आयोजित किए जाएंगे। इन मैचों मे भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की अंडर-15 अंडर-19 अंडर 23 एवं सीनियर महिला क्रिकेट खिलाड़ी भी भाग लेगी। बीसीए की महिलाओं की टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 25 जनवरी रविवार को सुबह 8:30 बजे से कल्याण कॉलेज ग्राउंड में आयोजित है। इस चयन स्पर्धा में ड्रेस कोड (लाल रंग को छोड़कर) होगा, यह चयन स्पर्धा सफेद रंग की बॉलसे आयोजित की जाएगी। आयु वर्ग के लिए कट ऑफ डेट में अंडर-15 हेतु 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014, अंडर-19 के लिए 1 सितंबर 2007 को या उसके पश्चात और अंडर 23 के लिए 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के मध्य जन्में लोग पात्र होंगे। सीनियर वर्ग के लिए कोई आयु बाध्यता नहीं है। इस चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले महिला खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है रजिस्ट्रेशन हेतु दिनांक 20 जनवरी 22 जनवरी 23 जनवरी एवं 24 जनवरी निर्धारित की गई है। जिसमें सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक और लंच ब्रेक 3:00 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल एवं मैनुअल क्यूआर कोड के साथ, आधार कार्ड, पिछले 6 वर्षों की अंकसूची ओरिजिनल एवं छाया प्रति, पैन कार्ड ओरिजिनल एवं छाया प्रति ,बैंक खाता का पूर्ण विवरण एवं एक वर्तमान फोटो जरूरी है। यह जानकारी भिलाई क्रिकेटर एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जोई बनीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड की अभिनेत्री



अभिनेत्री जोई सल्डाना हॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। यह कामयाबी उन्हें उनकी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बाद मिली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग वेबसाइट 'नंबर्स', के मुताबिक सल्डाना ने 33 फिल्मों से 15.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए हैं। यानी हर फिल्म से उनकी लगभग 469 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई हुई है। जोई सल्डाना ने 2025 में फिल्म 'एमिलिया पेरेज' में अपनी परफॉर्मेंस के लिए अपना पहला ऑस्कर अवॉर्ड जीता। हाल ही में उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है, जिससे उन्हें यह रिकॉर्ड बनाने में मदद मिली है। उनकी कामयाब फिल्मों में अवतार (2009), अवतारः द वे ऑफ वॉटर (2022), और एवेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर (2018) शामिल हैं। इस लिस्ट में अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 36 फिल्मों से 15.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए हैं। पिछले साल, 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' के दुनिया भर में 869 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाने के बाद स्कारलेट जोहानसन टॉप पर पहुंच गई थीं। यह एक्ट्रेस कई मार्वल फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर सैमुअल एल जैक्सन हैं। टॉप 10 में शामिल दूसरे सितारों में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस प्रैट, टॉम क्रूज, क्रिस हेम्सवर्थ, विन डीजल, क्रिस इवांस और ड्वेन जॉनसन शामिल हैं। अपनी कामयाबी पर प्रतिक्रिया देते हुए सल्डाना ने मंगलवार शाम को सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया।

### टॉलीवुड

## जन्मदिन पर सेतुपति की 'गांधी टॉक्स' का टीजर रिलीज



साउथ के दिग्गज अभिनेता विजय सेतुपति के 48 वें जन्मदिन पर उनकी आगामी फिल्म 'गांधी टॉक्स' का टीजर जारी हुआ। मेकर्स ने विजय के फैंस को तोहफा देते हुए फिल्म का टीजर रिलीज किया है। इस फिल्म की खासियत ये है कि यह एक साइलेंट फिल्म है। बीते दिनों फिल्म की घोषणा की गई थी। अब आज इसका टीजर सामने आया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते टीजर में कोई डायलॉग नहीं। इस टीजर में फिल्म की पूरी कास्ट की झलक दिखती है, जिसमें विजय सेतुपति के अलावा अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जाधव नजर आते हैं। टीजर की शुरुआत करप्शन से होती है, जिसमें दिखाया जाता है कि कैसे हर जगह रिश्वत चलती है। फिर वो चाहें ट्रैफिक पुलिस हो या कोई और सरकारी दफ्तर। बिना डायलॉग्स के भी इस टीजर में लव, इमोशन, एक्शन और सस्पेंस देखने को मिलता है। टीजर में विजय सेतुपति अपनी अलग छाप छोड़ते हैं। साथ ही ये टीजर दर्शाता है कि फिल्म गांधी जी के मूल्यों की वर्तमान समय में क्या हालात हैं, इसको लेकर एक व्यंग्य है। फिल्म में एक संदेश देने का भी प्रयास किया गया है। इतना तो जाहिर है कि ये टीजर 'गांधी टॉक्स' के एक शानदार फिल्म होने का संकेत देता है। किशोर पांडुरंग बेलेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एआर रहमान ने संगीत दिया है। जाहिर है कि जब फिल्म साइलेंट है तो इसमें संगीत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। 1 मिनट 34 सेकंड का ये टीजर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचता है। मौन फिल्म के प्रभाव को और भी बढ़ा देता है, जिससे दर्शक हर सीन के बीच छिपे अर्थ को समझने और अनकही बातों के गहरे अर्थ को महसूस करने के लिए उत्सुक हो जाते हैं।

### भोजपुरी

## न्याय के लिए संघर्ष करती फिल्म 'बाबूजी' का फर्स्ट लुक आउट, जल्द जारी होगा ट्रेलर



भोजपुरी सिने जगत में कथा आधारित फ़िल्में बनाने के लिए प्रसिद्ध निर्माता रत्नाकर कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बाबूजी' का फर्स्ट लुक रिलीज होते ही चर्चा में आ गया है। रिचा दीक्षित और अवधेश मिश्रा स्टारर इस फिल्म का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों के बीच कहानी को लेकर जबरदस्त उत्सुकता देखने को मिल रही है। मेकर्स ने संकेत दिया है कि फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही रिलीज किया जाएगा, जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फर्स्ट लुक में अख़बार, अदालत, बेबस पति-पत्नी और एक वकील की झलक दिखाई गई है, जो साफ तौर पर किसी गंभीर, सामाजिक और भावनात्मक कहानी की ओर इशारा करती है। इन दृश्यों से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में न्याय, रिश्तों और संघर्ष की एक मजबूत कथा देखने को मिलेगी। पोस्टर में रिचा दीक्षित, अवधेश मिश्रा और अनीता रावत की मौजूदगी ने दर्शकों की जिज्ञासा को और बढ़ा दिया है।

फिल्म को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने इसे बेहतरीन और बेजोड़ बताया है। उनका कहना है कि 'बाबूजी' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक ऐसी कहानी है, जिससे दर्शक खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। उन्होंने दावा किया कि ट्रेलर सामने आने के बाद दर्शकों की उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ जाएगी और फिल्म भोजपुरी सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाएगी।




समर ग्रे की शान

यूरोपियन फैशन शो में मॉडल रनवे पर स्प्रिंग समर फैशन कलर ट्रेंड्स पहने हुए हैं। ग्रे एक ऐसा रंग है जो हर साल आता है, लेकिन आमतौर पर ठंड के दिनों में यह रंग और भी खिल उठता है। हालांकि, इस सीज़न में, स्प्रिंग/समर कैटवॉक इस शांत शेड से भरे हुए हैं। लुई वुइटन, बोटेगा वेनेटा और कोच कुछ ऐसे डिज़ाइनर थे जिन्होंने अपने समर लुक्स में ग्रे रंग को शामिल किया, जिससे यह साबित होता है कि यह अब सिर्फ़ पतझड़/सर्दियों के लिए नहीं है।

## गुलाब जल में कुछ भी मिक्स करने से पहले सोचें

गुलाब जल को स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अमूमन इसे अलग-अलग इंग्रीडिएंट्स के साथ मिक्स करके स्किन पर अप्लाई किया जाता है। लेकिन ऐसे कई इंग्रीडिएंट्स होते हैं, जिन्हें गुलाब जल के साथ मिक्स करने से बचना चाहिए। गुलाब जल को कभी फेस ऑयल के साथ मिक्स करके अप्लाई नहीं करना चाहिए। दरअसल, गुलाब जल वाटर बेस्ड होता है और इसलिए यह काफी हद तक संभव है कि यह ऑयल के साथ अच्छी तरह मिक्स ना हो। अगर आपकी स्किन रूखी है तो ऐसे में आप फेस ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन इसे गुलाब जल के साथ मिक्स ना करें। बेहतर होगा कि आप पहले अपनी स्किन पर गुलाब जल अप्लाई करें और उसके कुछ देर बाद ही फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। नींबू के साथ गुलाब जल मिक्स करके अप्लाई करना भी उतना अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, नींबू विटामिन सी रिच होता है। वहीं, गुलाब जल भी हल्का अम्लीय होता है। ऐसे में जब विटामिन सी रिच नींबू और गुलाब जल को एक साथ मिक्स किया जाता है तो इससे आपकी स्किन में जलन या सेंसेटिविटी की परेशानी हो सकती है। हालांकि, अक्सर लोग इन्हें मिक्स करके लगाते हैं, लेकिन फिर भी आपको एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लेना चाहिए। कुछ लोग गुलाब जल को बतौर टोनर इस्तेमाल करना भी पसंद करते हैं या फिर इसे अपने टोनर में मिक्स करना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप अल्कोहल बेस्ड टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो उसके साथ गुलाब जल को मिक्स ना करें। इससे आपको अपनी स्किन में बहुत अधिक रुखापन, जलन या इरिटेशन की शिकायत हो सकती है।

गुलाब जल में कुछ भी मिलाने से पहले, हमेशा पैच टेस्ट करें और



सामग्री की संगतता जांचें, क्योंकि कठोर रसायन (जैसे ब्लीच, सिरका, नींबू) पीएच बदल सकते हैं और जलन पैदा कर सकते हैं; वहीं, विटामिन ई, ग्लिसरीन, शहद, या एलोवेरा जेल जैसे प्राकृतिक तत्व गुलाब जल के साथ मिलकर त्वचा को मॉइस्चराइज़ और चमकदार बना सकते हैं, पर संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को एसेंशियल ऑयल से बचना चाहिए।

### क्या नहीं मिलाना चाहिए (और क्यों)

ब्लीचिंग एजेंट त्वचा पर जलन, असमान रंगत और नुकसान हो सकता है। कठोर एस्ट्रिंजेंट त्वचा के प्राकृतिक तेल छीन सकते हैं और रूखापन बढ़ा सकते हैं। बेकिंग सोडा त्वचा का पीएच बिगाड़कर उसे सूखा और संवेदनशील बना सकता है। पीएच स्तर को बदलकर त्वचा को संवेदनशील बना सकता है। एलर्जी या अस्थमा वाले लोगों के लिए प्रतिक्रिया हो सकती है।

## स्टाइलिश लुक देते हैं आलिया कट डिजाइन वाले सलवार-सूट







कहीं जाना हो या रोजाना के लिए पहनना हो, हम सभी सूट के कई तरीके के डिजाइंस को अपनी वार्डरोब में शामिल करते हैं। इसके लिए हम कई सेलेब्रिटी के स्टाइलिश लुक्स को भी री-क्रिएट करते हैं। लेटेस्ट फैशन की बात करें तो आलिया कट डिजाइन के सूट काफी पसंद किए जाते हैं।

वेडिंग सीजन से लेकर रोजाना तक के लिए इन स्टाइलिश सूट को आप पहन सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं आलिया कट सलवार-सूट के खास डिजाइंस और बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### नायरा स्टाइल आलिया कट सूट

आलिया कट स्टाइल को कलीदार लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से दोनों तरफ साइड स्लिट कट वाले नायरा कट डिजाइन का सूट बनवा सकती हैं। सूट को आलिया कट देने के लिए आप पाइपिंग वाली लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। चाहे तो साइड में डोरियां भी लगवा सकती हैं। इस तरीके के सूट के साथ आप प्लेन डिजाइन के दुपट्टे को पहनें।

### सिल्क डिजाइन आलिया कट सूट

शाइनी और फैंसी लुक वाला सूट बनवाना चाहती हैं तो इस तरीके से आप सिल्क फैब्रिक की मदद लेकर कुर्ती स्टाइल में आलिया कट में सलवार सूट बनवा सकती हैं। इसके साथ आप प्लाजो पैन्ट्स को पहनें और इन पैन्ट्स के बॉर्डर के लिए आप बटन या कोई कट वर्क वाला डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरीके के सूट के साथ आप दुपट्टे को स्किप कर सकती हैं।

### लेस डिजाइन आलिया कट सूट

आजकल लेस वर्क काफी चलन में है और इसे तरह-तरह से आउटफिट में स्टाइल किया जा रहा है। रोजाना के लिए सूट सिलवा रही हैं तो आप सफेद रंग की प्लेन और चौड़ी लेस को नेकलाइन, स्लीव्स, घेरे और सलवार के बॉर्डर पर लगवा सकती हैं। वहीं फैंसी लुक के लिए गोल्डन कलर वाली किनारी या गोटा-पट्टी लेस चुन सकती हैं।

## जवां दिखने ट्राई करें डिजाइनर सीक्वेन साड़ी के ये खास लुक्स



साड़ी का चलन आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। इसमें आजकल आपको कई डिजाइंस मिल जाएंगे, लेकिन आजकल की बात करें तो साड़ी में ग्लैमरस लुक पाने के लिए सीक्वेन वर्क के डिजाइन वाली साड़ी बेस्ट रहती है। खासकर रात के फंक्शन के लिए इस तरह की साड़ी बेस्ट रहती है।

सीक्वेन साड़ी में आपको बारीक और मोटी सिप्पियों में कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सीक्वेन साड़ी के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स-

### ऑम्ब्रे साड़ी डिजाइन

सिंपल से अलग कुछ नया सीक्वेन वर्क में ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरीके के दो कलर कॉम्बिनेशन वाली ऑम्ब्रे साड़ी वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरीके के लुक को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है।

### गोल्डन साड़ी लुक

यह साड़ी मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन की है, लेकिन इस तरीके का लुक आपको मार्केट में लगभग 3000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। बता दें कि गोल्डन कलर एवरग्रीन पसंद किया जाता है। वहीं इसमें आपको लाइट शैम्पेन गोल्ड से लेकर डार्क कॉपर गोल्डन कलर ऑप्शन मिल जाएंगे।

## पुरानी सिल्क साड़ी को नया लुक देने के काम आएंगे ब्लाउज के खास डिजाइंस



साड़ी पहनना सभी महिलाओं को पसंद होता है और इसके ए दिन नए से नए डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन आपको मिल जाएंगे। वहीं सिल्क साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन में रहता है। साड़ी के साथ तरह-तरह के डिजाइन मिल जाएंगे, लेकिन अलमारी में बंद पड़ी साड़ी को न्यू लुक देने के लिए आपको स्टाइलिंग में कुछ बदलाव कर सकती हैं। स्टाइलिंग की बात करें तो सिल्क साड़ी के साथ आप न्यू लुक पाने के लिए ब्लाउज के लिए कोई नया डिजाइन चुन सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सिल्क साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल और फुल स्लीव्स वाले ब्लाउज के साथ में आप आसानी से बनारसी सिल्क जैसी अन्य सिल्क साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज आप ब्लैक या गोल्डन कलर में खरीद सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह कलर लगभग सभी तरह की सिल्क साड़ी के साथ आसानी से मैच कर जाते हैं।

### हॉल्टर नेक ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और बैकलेस डिजाइन के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के डिजाइन आपके लुक को स्टेटमेंट देने का काम कर सकते हैं। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो हॉल्टर नेक के स्ट्रैप के लिए चौड़े डिजाइन को चुन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं आप एथलेजर वियर से

## एथलेजर वियर है स्टाइल का नया नाम, फैशन की दुनिया में इसे अपनाने गौर करें आसान टिप्स पर

एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं। इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा। इंटरनेट पर इससे जुड़ी सर्च कुछ इस तरह हैं- ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते। एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं। इन कपड़ों में स्टाइल मिलेगा वो अलग। ये कपड़े आपको दो मौकों के लिए तैयार कर देते हैं, वो भी आराम और स्टाइल के साथ।

### लेयरिंग का मिले साथ

स्टाइलिंग पर ध्यान देने वाले लोगों के लेयरिंग बहुत काम आती है। इस लुक



पर कॉटन या लेनिन की जैकेट अच्छी लगेगी। जैकेट के साथ प्रिंटेड शर्ट पहनिए। गर्मी में लेयरिंग आजमाने के लिए आपको फैब्रिक का सिलेक्शन बहुत सोच-समझकर करना होगा।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं। ये तीन प्वाइंट निम्नलिखित हैं- मटेरियल, फिट, फंक्शनैलिटी,कपड़ा आराम वाला एथलेजर वियर की खासियत इसका कपड़ा होता है, जो आरामदायक होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। इनमें अक्सर पॉलिएस्टर, नायलॉन, रेयॉन और स्पैंडेक्स जैसे फैब्रिक इस्तेमाल होते हैं। इस फैब्रिक की खासियत इनका रिंकल फ्री, मॉइश्चर को सोखने वाला और फ्लेक्सिबल होना होता है।

### फिटिंग होगी कमाल

एथलेजर वियर पहनने के बाद फिटिंग की चिंता बिल्कुल न करें क्योंकि ये दूसरे जिम वियर के मुकाबले ज्यादा फिटिंग वाले होते हैं। कैजुएल वियरिंग के समय भी इनका लुक अच्छा आता है।

### सबसे अच्छी फंक्शनैलिटी

इन कपड़ों की खासियत फंक्शनैलिटी भी होती है। फंक्शनैलिटी से मतलब कपड़ों में मिलने वाली उस सुविधा से है, जिसके साथ आप इन कपड़ों को कहीं ज्यादा उपयोगी महसूस करते हैं। जैसे एथलेजर वियर में बटन नहीं मिलेंगे बल्कि जिपर्स होंगे। इसके साथ इसमें इतनी पॉकेट मिलेंगी कि आप कहीं भी जाने से पहले इन्हें ही चुनेंगे।

### रिलेक्स्ड ऑकेजन के लिए बेस्ट



जिम में तो एथलेजर वियर पहने ही जाते हैं। इसके अलावा किन कैजुएल मौकों पर आप इन्हें पहन सकते हैं तो जवाब है सभी रिलेक्स्ड ऑकेजन पर। वो मौके जब आप बिल्कुल रिलेक्स महसूस कर रहे हों। जैसे दोस्तों के साथ शाम की पार्टी, यूं हीं किया जाने वाला फैमिली डिनर या साथ बैठकर मैच देखने का मौका। इन मौकों पर ये कपड़े बहुत अच्छे लगेंगे। ऑफिस मीटिंग जैसे फॉर्मल मौकों को छोड़कर ज्यादातर बार आप इन्हें पहन सकते हैं।